वर्ष 24, अंक 93, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 13 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बिहार चुनाव: एनडीए में सीट शेयरिंग का ऐलान

# बीजेपी-जेडीयू 101-101 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**बिहार**

**बिहार** विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीटों का बंटवारा हो गया है. इसमें बीजेपी और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि चिराग पासवान की पार्टी को 29 सीटें दी गई हैं. इसके अलावा जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के हिस्से में 6-6 सीटें आई हैं.

बीजेपी बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए NDA परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया, जो कि इस प्रकार है

243 सीटों के इस बंटवारे के अनुसार, जनता दल (यूनाइटेड) (JDU) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) दोनों 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (LJP-RV) को 29 सीटें मिली हैं, और गठबंधन के अन्य दो सहयोगी दल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) तथा हिंदुस्तानी आवाम पार्टी (सेक्युलर) (HAM-S) को 6-6 सीटें दी गई हैं।

**जेडीयू के लिए बड़ा समझौता**

सीटों का यह बंटवारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू के लिए एक बड़ा समझौता है। 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में, जेडीयू ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार, पार्टी 14 सीटों का सीधा नुकसान झेलकर 101 सीटों पर सिमट गई है, जबकि भाजपा भी अपनी पिछली 110 सीटों की संख्या से कम पर आ गई है। गठबंधन में चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के शामिल होने से सीटों के गणित पर काफी असर पड़ा है।

**गठबंधन की प्रतिक्रिया**

जेडीयू नेता संजय कुमार झा ने इस बंटवारे का स्वागत करते हुए कहा, 'एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता इसका खुशी से स्वागत करते हैं और नीतीश कुमार को भारी बहुमत से फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट हैं।'

**चुनावी कार्यक्रम**

बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

**विपक्ष की स्थिति**

वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के महागठबंधन या इंडिया ब्लॉक ने अभी तक अपने साझा सीट-बंटवारे के फॉमूर्ले की घोषणा नहीं की है।

## एनडीए का 'महाबंटवारा' फाइनल चिराग को मिली इतनी सीटें



### सीटों का वितरण पूर्ण

भाजपा - 101 सीट
जदयू - 101 सीट
लोजपा (रामविलास) - 29 सीट
रालोमो - 06 सीट
हम - 06 सीट

### जीतन राम मांझी की पार्टी को मिली ये सीटें

| | |
|---|---|
| टेकारी | इमामगंज |
| कुटुंबा | सिकंदरा |
| अतरी | बराचट्टी |

### उपेन्द कुशवाहा की पार्टी इन सीटों पर लड़ेगी चुनाव

| | |
|---|---|
| सासाराम | महुआ |
| दिनारा | बाजपट्टी |
| उजियारपुर | मधुबनी |



## सीट शेयरिंग पर क्या बोली JDU?

**वहीं** जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है. एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी सीट शेयरिंग फॉमूर्ला का हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं.

## बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार

**विनोद** तावड़े ने आगे कहा कि एनडीए के सभी दलों के नेताओं व कार्यकताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है. सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से NDA सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं.

## दुगार्पुर गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत

# 'बख्शेंगे नहीं'- ममता

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल के दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले को लेकर तीनों आरोपियों को दुगार्पुर कोर्ट में रविवार (12 अक्टूबर, 2025) को पेश किया गया, जहां कोर्ट ने आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है.



**घटना को लेकर ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री ने दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा के साथ ह्यसामूहिक बलात्कारह्न की घटना पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्ययह एक स्तब्ध कर देने वाली घटना है. हमारा ऐसे अपराधों को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है. तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस अन्य की तलाश कर रही है. किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा.'

**पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में 3 युवकों को किया गिरफ्तार**

ओडिशा के बालासोर जिले की रहने वाली युवती पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ रही थी. शुक्रवार शाम को कुछ लोगों ने कॉलेज परिसर के बाहर उसके साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया. पश्चिम बंगाल पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

ओडिशा राज्य महिला आयोग (डरउह) की अध्यक्ष शोभना मोहंती ने राज्य की एक मेडिकल छात्रा के साथ दुगार्पुर में सामूहिक बलात्कार मामले में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की रविवार को मांग की थी.

मोहंती ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह न केवल ओडिशा के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक दुखद घटना है. उन्होंने कहा, ह्यघटना के प्रकाश में आने के तुरंत बाद, ओडिशा सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया. मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिवार से बात की है.ह्न

**OSCW ने की कड़ी कार्रवाई की मांग**

मोहंती ने कहा कि वह मामले पर कड़ी नजर रख रही हैं और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर रही हैं. उन्होंने बताया कि बालासोर जिले से एक टीम पीड़िता को जरूरी मदद पहुंचाने के लिए घटनास्थल पर गई है. डरउह प्रमुख मोहंती ने पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा, ह्यराज्य (पश्चिम बंगाल) में कानून-व्यवस्था बिगड़ गई है. घटना के 36 घंटे बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो अन्य अब भी फरार हैं. उन्होंने कहा, मैंने सुना है ।

## मुख्यमंत्री स्टालिन के आवास पर 'बम' धमकी देने वाला अयप्पन गिरफ्तार

**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के आधिकारिक आवास पर बम रखे होने की झूठी धमकी देने के आरोप में पुलिस ने रविवार को 36 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अयप्पन के रूप में हुई है, जो पहले भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रह चुका है। आरोपी अयप्पन ने शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में कॉल करके मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में बम रखे होने का दावा किया था।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी- चिदंबरम



**नई दिल्ली**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने 1984 में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्देश पर चलाए गए ऑपरेशन ब्लू स्टार को गलत तरीका बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी। चिदंबरम शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार हरिंदर बावेजा की पुस्तक 'दे विल शूट यू, मैडम' पर एक चर्चा का संचालन कर रहे थे।

चिदंबरम ने कहा, 'सामूहिक निर्णय था, केवल इंदिरा गांधी दोषी नहीं'

पूर्व केंद्रीय गृह एवं वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलती थी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का सम्मिलित निर्णय था, और इसके लिए केवल इंदिरा गांधी को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

उन्होंने कहा, 'स्वर्ण मंदिर को पुनः प्राप्त करने का यह गलत तरीका था... सभी उग्रवादियों को वापस लाने और पकड़ने का एक तरीका था। ब्लू स्टार गलत तरीका था।'

चिदंबरम ने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई, लेकिन वह गलती सेना, पुलिस, खुफिया विभाग और सिविल सेवा का मिला-जुला फैसला था। हम इसके लिए सिर्फ. श्रीमती गांधी को ज़िम्मेदार नहीं ठहरा सकते।'

ऑपरेशन ब्लू स्टार के परिणाम

ऑपरेशन ब्लू स्टार 1 जून से 8 जून, 1984 के बीच चलाया गया था। इंदिरा गांधी सरकार ने यह कार्रवाई पंजाब में कट्टरपंथी प्रचारक जरनैल सिंह भिंडरावाले के नेतृत्व वाले अलगाववादी आंदोलन को कुचलने के प्रयास में की थी।

## 'पवन सिंह अपनी हालत के खुद जिम्मेदार'




**बिहार**

भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर विवादों में हैं. उनके और उनकी बीवी ज्योति सिंह के बीच का तनाव बढ़ता ही जा रहा है और दोनों तरफ से आरोपों का सिलसिला जारी है. इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा ने पवन सिंह और ज्योति सिंह के विवाद पर रिएक्ट किया है. एक्ट्रेस ने इस पूरे मामले के लिए एक्टर को ही जिम्मेदार ठहराया है. स्मृति ने इस दौरान बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर भी बात की है.

एक हालिया इंटरव्यू में स्मृति सिन्हा ने कहा- 'पवन सिंह और ज्योति सिंह का जो भी विवाद है, उनको घर पर ही सुलझाना था. इससे एक एक्टर की छवि तो सबसे जायदा खराब हो ही रही है. पवन सिंह खुद ही जिम्मेदार हैं कहीं ना कहीं अपनी हालत के.'

पवन सिंह अपनी हालत के खुद जिम्मेदार', ज्योति सिंह संग चल रहे विवाद पर बोलीं भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा

'इन सब विवादों से असर तो पड़ा...'

स्मृति सिन्हा ने आगे कहा- 'पवन सिंह को थोड़ा समझना होगा, अपने आस-पास वो कैसे लोगों को रखते हैं इस पर ध्यान देना होगा. जो लोग उनके करीबी बनते हैं, उनको सही बात नहीं समझाते हैं, ये एक बड़ी दिक्कत रही है. पवन सिंह देखिए बहुत ही टैलेंटेड हैं और भोजपुरी इंडस्ट्री में बड़े स्टार हैं. लेकिन इन सब विवादों से असर तो पड़ा ही है. आप बाहर से कितना भी मजबूत हो, मानसिक तौर पर आपकी परेशानी बढ़ जाती है.'

पवन सिंह अपनी हालत के खुद जिम्मेदार', ज्योति सिंह संग चल रहे विवाद पर बोलीं भोजपुरी एक्ट्रेस स्मृति सिन्हा

'भोजपुरी अभिनेताओं में एकता नहीं'

स्मृति सिन्हा कहती हैं- 'भोजपुरी अभिनेताओं में एकता नहीं है. देखिए अगर एकता हो ना, इस इंडस्ट्री में कोई भी मुसीबत हो तो लोग आपको साथ देंगे.' वहीं इस दौरान एक्ट्रेस ने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव को लेकर भी कमेंट किया।

## उद्धव ठाकरे से मिलने फिर मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे

**महाराष्ट्र**

**मुंबई** में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे रविवार (12 अक्टूबर) को अपने चचेरे भाई और शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री गए. यह हफ्तेभर में दूसरी बार है, जब राज ठाकरे मातोश्री पहुंचे हैं.

पत्रकारों द्वारा इस मुलाकात के उद्देश्य के बारे में पूछे जाने पर, राज ठाकरे ने कहा, 'मेरी मां मेरे साथ हैं.' उनका इशारा इस ओर था कि यह एक पारिवारिक मिलन समारोह है. हालांकि, यह मुलाकात बृह्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के महत्वपूर्ण चुनावों के लिए दोनों चचेरे भाइयों के एक साथ आने की अटकलों के बीच हुई है.



संजय राउत के परिवार के समारोह में भी हुई थी मुलाकात

राज ठाकरे पिछले रविवार को भी शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत के परिवार के एक समारोह में शामिल होने के बाद मातोश्री गए थे. कभी एक-दूसरे से दूर हो चुके दोनों चचेरे भाई, 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में मिली हार के बाद सुलह करते दिख रहे हैं.

पिछली बार उद्धव ठाकरे शिवतीर्थ निवास पर राज ठाकरे से मिलने गए थे, लेकिन उस समय वे अकेले ही थे. वहीं रविवार को राज ठाकरे परिवार सहित उद्धव ठाकरे के मातोश्री निवास पर पहुंचे हैं. इससे स्पष्ट होता है कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के रिश्तों में और अधिक मजबूती आ रही है.

इस बीच, स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव को लेकर मनसे-ठाकरे सेना गठबंधन की चर्चा चल रही है।

# हरिओम वाल्मीकि मर्डर केस में सीएम योगी सख्त

## 'आंसू के हर बूंद का लिया जाएगा हिसाब'

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रायबरेली में चोरी के अफवाह में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दिए गए दलित व्यक्ति हरिओम वाल्मीकि के परिवार को न्याय, सुरक्षा और सशक्तीकरण का मजबूत आश्वासन दिया है. शनिवार शाम लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मृतक की पत्नी संगीता वाल्मीकि ने कहा कि बाबा सिर्फ आप ही हैं जो दलितों की रक्षा कर सकते हैं. हम सरकार और पुलिस की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं और न्याय मिलने का विश्वास है.

मृतक की पत्नी संगीता बाल्मिकी अपने पिता छोटे लाल और बेटी अन्यना के साथ सीएम योगी से मुलाकात करने लखनऊ पहुंचीं. सीएम योगी ने पीड़ित परिवार की पीड़ा को सुना, उन्हें सांत्वना दी और सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया.

परिवार को मिलेगा आवास, पत्नी को मिलेगी नौकरी- सीएम

मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाएगा. साथ ही संगीता बाल्मिकी को उनके कार्यस्थल पर स्थायी नौकरी दी जाएगी और सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से परिवार को संतृप्त किया जाएगा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना के 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई. दलितों, वंचितों और शोषितों की सुरक्षा और सम्मान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है.



'पीड़ित परिवार के आंसू के हर बूंद का लिया जाएगा हिसाब'

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ कानून - व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा. पीड़ित परिवार के आंसू के हर बूंद का हिसाब लिया जाएगा. ऐसे अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिओम वाल्मीकि मामले में प्रदेश सरकार न्यायलय में प्रभावी पैरवी करेगी, आपोरियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे.

पीड़िता की पत्नी ने कार्रवाई जताई संतुष्टि, सीएम का जताया आभार

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद मृतक की पत्नी संगीता बाल्मिकी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमें हर स्तर पर सहायता दी है.

मैं उनकी आभारी हूं. बाबा ही हैं जो दलितों की रक्षा कर सकते हैं. हम योगी सरकार की कार्रवाई से पूरी तरह संतुष्ट हैं और न्याय मिलने का विश्वास है।

# कौंधियारा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में एनसीआर कुकुढ़ी ने मारी बाजी

**रविवार सुबह तक चला रोमांचक मुकाबला, हजारों दर्शकों ने उठाया खेल का आनंद**



कुकुढ़ी में आयोजित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विकासखंड कौंधियारा के ग्राम पंचायत कुकुढ़ी में शनिवार की देर शाम आयोजित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्रवासियों ने खेल का भरपूर आनंद लिया। रातभर चले रोमांचक मुकाबलों ने मैदान में उत्साह और जोश का माहौल बना दिया। यह प्रतियोगिता रविवार की सुबह तक चली, जिसमें प्रदेश की कई नामी टीमों ने भाग लिया।

मुख्य रूप से एनसीआर कुकुढ़ी, रामकृष्ण सुलमई, बजरंग हॉस्पिटल वाराणसी, जीआरपी नैनी, जय हिंद क्लब कुकुढ़ी, परमानंद टीम बनारस, भागलपुर वाराणसी, धरवारा टीम, सेवन स्टार क्लब कुकुढ़ी, बरसवल टीम और शगुन एकेडमी बरिया सहित दर्जनों टीमों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में एनसीआर कुकुढ़ी ने रामकृष्ण सुलमई को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को ?10000 नकद, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए, जबकि उपविजेता टीम को ?5,500 नकद, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा इंद्रनाथ मिश्रा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता अर्चना पासी और प्रांशु भारतीया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का समापन पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर ओझा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर शनि प्रजापति, शिवम भारतीय,भारतीय,शिव शंकर यादव ,नंदन यादव, डॉ अखिलेश यादव ,प्रांशु यादव, लक्ष्मण यादव, पवन प्रजापति, रामभवन भारतीय, रघुराज पाल, प्रकाश चंद पाल ,पवन पाल,सुब्बा लाल, दिनेश यादव प्रजापति, अशोक प्रजापति, चंद्रशेखर यादव, सूर्यभान यादव ,जय कुमार यादव, आशीष यादव ,नन्हे यादव ,मुकेश यादव , रामप्रसाद भारतीय, सुनील प्रजापति, ललित पाल, दुर्गेश पाल ,श्याम दयाल यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। देर रात तक हजारों दर्शकों की भीड़ मैदान में खेल का रोमांच देखने जुटी रही। खिलाड़ियों के दांव-पेच और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा।

## किशोरी को यूवक अपने प्रेम जाल में फंसाकर कर फरार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** किशोरी से काफी दिनों से प्रेम चल रहा था। गांव में प्रेम की चर्चा काफी दिनों से व्याप्त थी।एक दिन किशोरी को अकेला देख यूवक किशोरी को लेकर फरार हो गया। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनो की तलाश में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी का पड़ोसी युवक से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया गया है कि दोनों की इस इश्क की चर्चा गांव में व्याप्त थी। बताया गया है कि किशोरी के परिजन खेत गए थे।घर पर किशोरी अकेली थी। 4 अक्टूबर को किशोरी को उसका प्रेमी साथ में लेकर फरार हो गया। किशोरी के परिजनों ने दोनों की बहुत तलाश किए परन्तु जब दोनों नहीं मिले तो किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में शनिवार को गांव के राम पूजन पटेल पुत्र स्वर्गीय कमलेश कुमार पटेल के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले जाने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### मन को शुद्ध करने का सर्वोत्तम साधन है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य शंभूशरण



**पसना।** सिरियारी, मेजा में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य श्री शम्भु शरण जी महाराज ने भागवत जी के महात्म्य का बहुत ही सुंदर प्रवचन किया महाराज परीक्षित को गंगा के तट पर शुकदेव जी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना तथा भक्ति ज्ञान वैराग्य का इस कथा के श्रवण से उद्धार एवं महापापी धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति प्राप्त होने की अत्यंत मधुर और ज्ञानवर्धक कथानक को सुनकर पंडाल में बैठे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। आज की पावन कथा मे दूर दूर से महिलाएं बालक-वृद्धजन भी कथा को सुनने के लिये पहुंचे। आज की कथा में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान श्रीमती उर्मिला देवी, कथा संयोजक योगेश मिश्रा, एडवोकेट अशोक मिश्रा (चंचल),निखिल तिवारी, आचार्य ताराचंद्र पूर्णेन्दु उपाध्याय डॉ०आर०एस०पांडेय,पवन मिश्रा, कपिलदेव मिश्रा, एडवोकेट रामेश्वर मिश्रा, छोटकउ दुबे प्रमुख प्रतिनिधि रमेश तिवारी गिरीश शुक्ला अखिलेश द्विवेदी दुर्गेश चंद्र शुक्ला पद्माकांत शुक्ला सहित कई भक्तजन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### देवी-देवताओं की महिमा संग नीबीं में कलश यात्रा, गांव में उमड़ा उत्साह



**करछना।** करछना क्षेत्र के नीबी गांव में रविवार को भक्ति और उल्लास के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा ग्राम पंचायत नीबी के श्री हटौहा वीर बजरंगबली मंदिर प्रांगण से शुरू होकर डीहा गांव में सम्पन्न हुई। ग्रामीणों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया, भजन-कीर्तन एवं दीप प्रज्वलन के साथ देवी-देवताओं की पूजा की। इस अवसर पर अवधेश कुमार पांडे उर्फ सोनू, पूर्व प्रधान नीबी के नेतृत्व में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी यात्रा में भाग लिया। प्रमुख उपस्थित लोगों में अनिल तिवारी, सुधीर तिवारी, रत्नाकर द्विवेदी, दुर्गेश पांडे, अतुल पांडे, पूलक पांडे, संदीप पांडे, महेंद्र पांडे, बृहस्पति देव शुक्ला, शिव देव शुक्ला, सुदामा प्रसाद पांडे, जय पांडे और पीयूष तिवारी शामिल थे। कलश यात्रा के दौरान भक्तिमय भजन और पारंपरिक गीतों ने पूरे गांव में उत्सव का माहौल पैदा कर दिया। ग्रामीणों ने फूलों, दीपों और रंगोली से मार्ग को सजाया, जिससे यात्रा और भी मनमोहक बन गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने भाग लेकर धार्मिक भावनाओं को प्रकट किया। यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया बल्कि गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता को भी प्रदर्शित किया। ग्रामीणों ने आयोजन में सहयोग देकर इसे सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार, नीबी गांव की यह कलश यात्रा श्रद्धा, उत्साह और सामूहिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण बन गई।

# झूंसी में तेंदुए की दहशत

**एचआरआई जंगल में पिंजरा लगाकर लौटी वन विभाग की टीम, कुत्ते को उठा ले जाने की चर्चा**

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** झूंसी स्थित एचआरआई के परिसर के घने जंगल में तेंदुआ देखे जाने के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वन विभाग की टीम को लगातार दूसरे दिन भी तेंदुआ पकड़ने में सफलता नहीं मिली। दिनभर चले सघन सर्च ऑपरेशन के बाद टीम ने जंगल में दो पिंजरे लगाए हैं और लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है।

स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि शनिवार की रात तेंदुए ने परिसर के अंदर घुसकर एक कुत्ते को उठा लिया, जिसके अवशेष बाद में मिले हैं। कुत्ते पर हुए इस हमले की खबर फैलते ही कॉलोनी में रहने वाले लोगों में गहरी दहशत फैल गई है। भय के माहौल के चलते लोगों ने अपने पालतू कुत्तों को घरों के अंदर सुरक्षित कर लिया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पिछले दो दिनों से एचआरआई के दो किलोमीटर में फैले जंगल में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। रविवार को रेंजर फूलपुर लक्ष्मीकांत दुबे के नेतृत्व में टीम ने जंगल में तेंदुए की तलाश की लेकिन घने जंगल में तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका। सर्च ऑपरेशन में सफलता न मिलने के बाद टीम ने एहतियात के तौर पर जंगल में दो पिंजरे लगा दिए हैं, ताकि तेंदुए को फंसाया जा सके। रेंजर लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया अभी स्पष्ट रूप से यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि तेंदुआ यहीं है या नहीं। हमने जंगल में दो पिंजरे लगा दिए हैं और क्षेत्र के लोगों से विशेष रूप से अपील की है कि वे अत्यधिक सतर्क रहें और रात के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें।

# झूंसी में अवैध पटाखा गोदाम पर छापा, 329 किलो विस्फोटक बरामद, एक गिरफ्तार ?

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** दीपावली से ठीक पहले अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। फूलपुर और हंडिया के बाद अब झूंसी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक मकान में छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध पटाखे और आतिशबाजी बरामद की है। ?

मुखबिर की सूचना पर शनिवार को झूंसी पुलिस ने लीलापुर रोड स्थित चक हरिहरवन निवासी राजेश केसरवानी के मकान में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 17 बोरी और 3 कार्टून में रखा कुल 329 किलोग्राम अवैध पटाखा और आतिशबाजी जब्त की। जब्त किए गए पटाखों की अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध पटाखा व्यवसायियों में खलबली मच गई है। ? वही ?आवासीय इलाके में इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिलने की खबर से आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया है। थाना अध्यक्ष महेश मिश्रा ने बताया कि राजेश केसरवानी को अवैध पटाखा भंडारन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 हरिशंकर मिश्रा, चौकी प्रभारी नई झूंसी, उ0नि0 अभय कुमार सिंह, उ0नि0 अखिल ओझा, उ0नि0 अंशुमान सिंह, का0 संदीप पासवान शामिल रहे।

# भगवान की लीला तर्क और ज्ञान के बल पर नहीं श्रृद्धा और विश्वास से समझ में आती है पं निर्मल कुमार शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**



**पसना।** परमात्मा परीक्षा और समीक्षा का विषय नहीं है वह तो केवल प्रतीक्षा और सदिक्षा से मिलते हैं। अगर अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर उसे जानना चाहेंगे तो ब्रह्मा को भी मोह हो सकता है। भगवान को जान सकें यह क्षमता मन बुद्धि और वाणी में है ही नहीं अगम्य को कौन जान पाया। पंडित अमरनाथ दूबे के आवास पर भागवत कथा के पंचम दिवस मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने विशाल श्रोता समाज के समक्ष उक्त उद्गार व्यक्त किया। आपने कहा कि भगवान भाव के विषय हैं बृज की गोपियों ने मात्र समर्पण और भाव के बल पर भगवान को अपना मित्र बना लिया भगवान कृष्ण ने इन गोपियों के सामने अपने समस्त ऐश्वर्य को छिपा लिया और गोपियों के सुख संवर्धन में तत्पर रहने लगे।नारद भक्ति सूत्र में गोपियों को प्रेम के अंतिम प्रमाण के रूप में स्वीकार किया है। वृंदावन का परमात्मा प्रेम स्वरूप है वहां ज्ञान विज्ञान और तर्क कुतर्क की गति नहीं है।एक दिन ब्रह्मा जी भगवान की लीला देखने आए थे ग्वाल बालों के साथ भगवान को सामूहिक भोजन करते हुए देख कर उन्होंने बुद्धि का प्रयोग किया जो सर्व व्यापक ब्रह्म है जिसमें बारे में वेद भी मौन हो जाते हैं और नेति नेति कह कर अपनी असमर्थता व्यक्त करते हैं वह ग्वालों का जूंठा खा रहा है बस ब्रह्मा जी मोह ग्रस्त हो गये। उन्होंने सारे गोप ग्वाल और गाय बछड़ों को एक कंदरा में बंद कर दिया तथा अपने लोक चले गए इधर भगवान को ब्रह्मा की चतुराई विदित हो गई उन्होंने अपने संकल्प मात्र से वैसे ही ग्वाल बाल वही गाय बछड़े निर्मित कर दिया।यहा न तो कोई पदार्थ है न जीव है न कर्म है न मन बुद्धि चित्त और अहंकार ही है सब कुछ भगवान ही बन गये।एक वर्ष तक यह लीला चलती रही वृंदावन के किसी स्त्री पुरुष को यह पता नहीं चल रका कि मेरे पुत्र और गाय बछड़ों का रूप धारण करके कृष्ण ही रोज आते जाते हैं यहां तक कि ग्वालों के डंडे गायों के गले में बंधी हुई घंटी भी कृष्ण ही बन गये। वर्ष भर बाद ब्रह्मा ने गुफा का द्वार खोला तो वही ग्वाल बाल बछड़े कंदरा में वही कृष्ण के आगे पीछे यह चमत्कार देख कर ब्रह्मा दंग रह गए। भगवान कृष्ण की स्तुति करते हुए ब्रह्मा ने क्षमा याचना किया और अपनी तुच्छता के लिए पश्चाताप किया।चीर हरण की आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए महराज श्री ने कहा कि जीव के ऊपर जो माया का पर्दा पड़ा हुआ है उसकी निवृत्ति ही चीर हरण का तात्पर्य है। ब्रह्म जीव बिच माया जैसी। जीवात्मा और परमात्मा के बीच माया का पट पड़ा हुआ है उस आवरण को भंग करने के बाद ही जीव ब्रह्म का एकीकरण संभव है।कालीय दमन की चर्चा करते हुए आपने कहा कि हमारा अहंकार ही काली नाग है कालीय को 101 फण थे उसी प्रकार हमें भी जाति कुल बल वैभव पद प्रतिष्ठा पद पुत्र पिता आदि के अहंकार के अनेकों फण हैं।इन समस्त संबंधों पर भगवान के चरण अंकित हो जायं सब उनका प्रसाद बन जाए । समझ लो कि कालीय मर्दन हो गया।आज की कथा में भगवान का नाम करण बाल लीला ऊखल बंधन वेणु गीत और गोवर्धन धारण की मार्मिक कथा सुनाकर आपने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।आज कथा में पूर्व ब्लाक प्रमुख पं जय प्रकाश पांडेय ग्राम प्रधान भोला गर्ग पं दिवाकराचार्य त्रिपाठी घनश्याम चतुर्वेदी राकेश चंद्र त्रिपाठी राजेश त्रिपाठी चंद्रमणि मिश्र रामायण प्रसाद शुक्ल आदि क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ?। आयोजक पं अमरनाथ दूबे ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं जंगी राम दूबे की स्मृति में यह भव्य कथा महोत्सव रखा है ?। पं भोलानाथ दूबे पंअभय शंकर दूबे हृदय शंकर दूबे अमिय शंकर दुबे व अनिय शंकर दूबे ने समस्त क्षेत्रीय श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पधारकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।

# चनेथू : तापस वेष बिसेषि उदासी चौदह बरिस रामु बनबासी



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू गांव की 64 वें वर्ष की रामलीला मंचन में शनिवार रात्रि में दशरथ-कैकेयी संवाद, श्रीराम वनगमन, केवट प्रसंग लीलाओं का संगीतमय मंचन किया गया। महाराज दशरथ अपनी बढ़ती अवस्था को देखते हुए मंत्री परिषद से विचार-विमर्श करके श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने की घोषणा करते हैं, जिसे सुनकर अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है सभी श्रीराम के राजतिलक की तैयारियों में लग जाते हैं। श्रीराम के राजतिलक का समाचार सुनते ही दासी मंथरा महारानी कैकेई को भड़काती है और भरत को राजगद्दी पर बैठाने के लिए उकसाती है। महारानी कैकेई उसकी बातों में आकर, कोप भवन में चली जाती हैं, जहां वह महाराज दशरथ से दिए हुए दो वचन मांगती है, पहला भरत को राजगद्दी और दूसरे वचन में श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास। जब श्रीराम को पता चलता है तो अपने पिता के वचनों की लाज रखने के लिए खुशी-खुशी 14 वर्षों के लिए वन में जाने के लिए सहर्ष तैयार हो जाते हैं पुत्र वियोग में दशरथ प्राण त्याग देते हैं रामलीला का मंचन केवट संवाद तक हुआ। इस अवसर पर महंथ चंद्रमा दास महाराज एवं रामलीला मंचन सहयोगियों में लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, राजमणि मिश्रा, लालमनि मिश्रा, सूर्यमणि मिश्रा, मातादीन उपाध्याय, संजय उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, सूरज नाथ, रमेश तिवारी, मालिक पांडेय, अरूण पांडेय, कड़ेदीन उपाध्याय, मंगला उपाध्याय, उदयराज उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, सुरेश मिश्रा, त्रिभुवन उपाध्याय, निराले उपाध्याय, नागेश्वर मिश्रा, पवन उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, राजा तिवारी, मनीष तिवारी, राकी पांडेय, विपिन मिश्रा, विशाल उपाध्याय, आकाश उपाध्याय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, अंकुश मिश्रा, निखिल पांडेय, सर्वेश मिश्रा, शिव मिश्रा, राजेश गौड़, विभव मिश्रा, गुलशन उपाध्याय, कौशल, अंकित, अनुज, गौरव गंगा गौड़, सचिन, राजेश उपाध्याय मुरलीधर प्रजापति एवं संगीतकारों में शुभम तिवारी, श्रीकांत सांवरा, प्रदीप जख्मी आदि लोग मौजूद रहे।

# जंघई मंडल में आरएसएस का पथ संचलन कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर गंगापार जिले के प्रतापपुर खण्ड के जंघई मंडल में विजयदशमी कार्यक्रम पर पथ संचलन कार्यक्रम राम जानकी मंदिर से जंघई बाजार तक स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा के साथ निकाला गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी प्रांत के सह मार्ग प्रमुख राजेश्वर सिंह जी लालबहादुर सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के लिए संघ की स्थापना दशहरा के दिन 1925 में डा. केशव के द्वारा स्थापित किया गया। हिंदू धर्म में सनातन से समाज समरस था शबरी के झूठे बैर भगवान राम खाए, निषाद राज बचपन के सहपाठी थे। गुरु जी ने देश और समाज के लिए वह मानकर चले कि गाड़ी ही हमारा घर है जीवन भर समाज और संघ के लिए काम किया। संघ अपने देश और समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए आज 100 वर्ष की यात्रा पूरी कर लिया है। इसी तरह से सेवा करते हुए संघ भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष महंत चंद्रमा प्रसाद ने कार्यक्रम में आए सभी स्वयंसेवकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हृदय नारायण पूर्व प्रधानाचार्य अखिलेश जी, संजय जी जिला प्रचार प्रमुख, किशन जी बजरंग दल रमेश जी खण्ड कार्यवाह, अशोक जी, राजू भाई साहब, चंद्र प्रकाश जी जिला गोरक्षा प्रमुख, शैलेश, अखिलेश सिंह, संदीप तोगड़िया, सत्यम, प्रवीण, सोनू, आदर्श आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कौंधियारा में संघ शताब्दी वर्ष और विजयदशमी उत्सव का भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**






कौंधियारा में संघ के शताब्दी वर्ष और विजयदशमी उत्सव के अवसर पर स्वयंसेवकों का भव्य पथ संचलन का हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक बेरी ने प्रयागराज के कौंधियारा बाजार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष और विजयदशमी उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और समाज के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र के लिए जीना होगा। संघ का 100 वर्षों का सफर केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि संगठन निर्माण और समाज में पंच परिवर्तन के लिए देखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि विजयदशमी के दिन से कार्य शुरू हो चुका है और समाज ने इसमें सक्रिय भागीदारी दिखाई है।

अशोक बेरी ने कहा कि संघ संकेश्वर शताब्दी वर्ष के दौरान घर-घर संपर्क अभियान चला रहा है और व्यापक दृष्टि के साथ समाज में सम्पर्क बढ़ाना इसका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रारंभिक दौर में संघ की सहायता करने वाले लोग अब समाज में संघ के साथ पूरी तरह विलय हो चुके हैं। उन्होंने कहा, यह मेरा देश है, मैं भारत माता की संतान हूं। भारत माता की रक्षा का दायित्व हम सभी के ऊपर है।

कार्यक्रम मोतीलाल नेहरू इंटर कॉलेज, कौंधियारा के प्रांगण में आयोजित हुआ। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख इंद्रनाथ मिश्र ने की। कार्यक्रम में खंड संघ चालक लाल बहादुर जी,अवधेश शंकर जी, राहुल जी, अंबिका जी, श्याम सुंदर, जिला प्रचारक आशीष जी, जिला प्रचार प्रमुख गोविंद शरण, ओम जी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम से पहले पूरे कौंधियारा बाजार में संघ के स्वयंसेवकों ने गणेश वेशभूषा में भव्य पथ संचलन निकाला। इस दौरान नागरिकों ने छतों से फूल बरसाकर उत्सव को विशेष रूप से सफल बनाया। पथ संचलन के दौरान कौंधियारा थाने की पुलिस मौजूद रही ताकि किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो। इस कार्यक्रम ने न केवल संघ की सेवा और संगठन यात्रा की गौरवशाली झलक पेश की, बल्कि समाज में राष्ट्रीय चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी जागृत किया।

# साहित्य हमें सदैव जागरूक बनाता है : प्रेमा राय

## साहित्यकार सत्कारः आपके द्वार में साहित्य रत्न सम्मान से किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** साहित्य हमें सदैव जागरूक बनाता है और वह निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। साहित्य एक सच्चे मार्ग दर्शक के रूप में हमें सत्य की राह दिखाता है। उपरोक्त उद्गार वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती प्रेमा राय ने उस समय व्यक्त किए जब वह साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा आयोजित साहित्यकार सत्कारः आपके द्वार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकारों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि साहित्य में यदि हमारी संवेदना के शब्द समाज को सार्थक संदेश देते हैं तो वह सृजन कल्याणकारी होता है ।

प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ राम लखन चौरसिया वागीश की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित साहित्यकारों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर वंदना की। शंभूनाथ श्रीवास्तव द्वारा वाचिक वंदना के पश्चात समारोह का संचालन कर रहे साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज के व्यवस्थापक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने सभी का अभिनंदन किया और सम्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ साहित्यकारों में रंजन पाण्डेय, पं० राकेश मालवीय मुस्कान, मुरारी मोहन राय, के मंगल वक्तव्य के बाद श्रीमती प्रेमा राय को साहित्यांजलि प्रकाशन प्रयागराज द्वारा साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान पत्र के साथ अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सभी साहित्यकार भाव विह्वल हो उठे। श्रीमती प्रेमा राय ने इस सम्मान को अविस्मरणीय बताया तो अध्यक्ष डॉ राम लखन चौरसिया वागीश ने इस अलंकरण अभियान को एक वर्ष पूरा होने पर संस्था को बधाई दी और कहा कि अब इसे आंचलिक क्षेत्र में भी विस्तार किया जाएगा। डॉ चौरसिया ने कहा कि साहित्य में इस तरह की अनूठी पहल का श्रीगणेश प्रयागराज से हुआ है तो यह पूरे देश में एक मील का पत्थर साबित होगा। शंभूनाथ श्रीवास्तव, राकेश मालवीय मुस्कान, रंजन पाण्डेय तथा श्रीमती प्रेमा राय ने अपनी सुमधुर कविताएं भी प्रस्तुत किया। सभी को धन्यवाद और आभार जताया डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने । सुस्वादु स्वल्पाहार से समारोह को सम्पूर्णता प्रदान की गई।

# जारी बाजार में रामकथा रामायण महोत्सव का शुभारंभ

**प्रयागराज।** जारी बाजार स्थित गोविन्द दास हनुमान एवं दुर्गा मंदिर में शनिवार से सार्वजनिक रामकथा रामायण महोत्सव की शुरूआत हुई। कथा व्यास पंडित श्री सुरेश प्रसाद मिश्र (महराज), त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.) प्रभु श्रीराम की लीला और आदर्शों का वाचन कर रहे हैं। यह कथा 19 अक्टूबर 2025 तक प्रतिदिन सायं 3 से 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन ग्रामसभा जारी बाजार के धर्मप्रेमी जनों के सहयोग से किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरण और सांस्कृतिक एकता को सशक्त बनाना है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद और व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। आयोजकों ने सभी भक्तों से तन, मन और धन से सहयोग की अपील की है, ताकि यह भव्य धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालक द्वारा बेखौफ मरीजों का किया जा रह है इलाज

## स्थानीय लोगों ने सीएमओ से मेडिकल स्टोर संचालक पर कड़ा एक्शन लेने की किया मांग

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेडिकल स्टोर की आड़ में कथित एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की आंखों में धूल झोककर दवा इलाज के नाम पर क्षेत्र के मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसे में स्थानीय समाजसेवियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज से मेडिकल स्टोर संचालक पर कड़ा एक्शन लेने की मांग किया है।

उल्लेखनीय है कि सीएचसी मेजा के अंतर्गत आने वाले मेजा खास गांव की बड़ी नहर नहर के समीप बिना किसी नाम एवं बोर्ड के एक मेडिकल स्टोर संचालित है जिसका संचालक अरुण मौर्या बताया गया। गौरतलब है कि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर की आड़ में जहां नकली दवाएं बेचकर खुलेआम क्षेत्र के लोगों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है वहीं बेखौफ हो क्षेत्र के मरीजों का दवा इलाज कर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ भी किया जा रहा है। इस संबंध में अहिरन का पूरा गांव निवासी घनश्याम प्रजापति सहित दर्जनों अन्य लोगों ने आरोप है कि उक्त मेडिकल स्टोर संचालक सुरेंद्र प्रजापति नमक कथित एक झोलाछाप अनट्रेंड व्यक्ति को मेडिकल स्टोर पर प्रायः बैठाया करता है और उस अनट्रेंड झोलाछाप को बड़ा डाक्टर बताकर क्षेत्र के मरीजों का दवा इलाज कर उनसे मोटी रकम ऐंठने का खास पेशा बना रखा है। इतना ही नहीं स्थानीय लोगों लोगो की माने तो मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा बैठाए गए कथित झोलाछाप के द्वारा दी गई दवाओं एवं इलाज से अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इस बाबत यदि कोई मरीज कहीं शिकायत की बात करता है तो उसे मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा जान से मारने की प्रायः धमकी भी दी जाती है। लोगों का यह भी कहना है कि मेडिकल स्टोर संचालक लोकल होने की वजह से स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों पर अपना दबदबा जमाए हुए है जिसको लेकर चाहते हुए भी सीएचसी मेजा के जिम्मेदार अधिकारी खामोश रहते है और मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल स्टोर की आड़ में बड़ा खेल कर लोगों के जीवन साथ खिलवाड़ कर मालामाल हो रहा है। ऐसे मेजा के स्थानीय लोगों ने सीएमओ प्रयागराज से उक्त मेडिकल स्टोर संचालक और उसके पालतू झोलाछाप फर्जी डाक्टर के विरुद्ध कड़ा एक्शन लेने की मांग किया है।

### क्या कहते हैं सीएचसी मेजा के जिम्मेदार अधिकारी ?

मेडिकल स्टोर पर केवल सरकारी डाक्टर द्वारा लिखी दवा बेचने का लाइसेंस दिया जाता है इलाज का नहीं,यदि मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मरीजों का इलाज किया जा रहा है तो जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**डा बबलू सोनकर**
**पूर्व अधीक्षक**
**सीएचसी मेजा प्रयागराज**

# अखिलेश मिश्रा निर्विरोध हुए उत्तर प्रदेश ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष, बधाईयों का तांता

## कहा- यह जीत प्रदेश के लाखों ट्रक मालिकों और चालकों के विश्वास की है बड़ी जीत

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** क्षेत्र के प्रख्यात व्यापारी एवं भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा को उत्तर प्रदेश ट्रक एसोसिएशन का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। उल्लेखनीय है कि बीते 2 अक्टूबर को हुए चयन में किसी ने भी उनके खिलाफ नामांकन नहीं किया जिससे व्यापारी समाज में हर्ष की लहर है।

गौरतलब है कि पदभार ग्रहण करने के बाद श्री मिश्रा ने कहा कि यह जीत उनकी नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों ट्रक मालिकों और चालकों के विश्वास की बड़ी जीत है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य परिवहन व्यवसाय से जुड़ी सभी समस्याओं को दूर करना और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण तैयार करना है। बता दें कि मेजा के सोरांव पाती गांव निवासी अखिलेश मिश्रा ने कहा हमारा संगठन किसी भी अधिकारी या विभाग के अन्याय के आगे नहीं झुकेगा। जो भी अधिकारी व्यापारियों या ट्रक मालिकों का शोषण करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सड़क मार्गों पर अनावश्यक चालान, अवैध वसूली और उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि एसोसिएशन प्रदेश में ओवरलोडिंग और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाएगा। मिश्रा ने कहा हम सरकार के विकास कार्यों में सहयोग करेंगे लेकिन अन्याय या भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। व्यापारी समाज और ट्रक संचालकों ने अखिलेश मिश्रा के निर्विरोध चयन पर खुशी व्यक्त की और उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। इस दौरान लक्ष्मी कांत शुक्ल मुख्य संरक्षक, सूर्यकांत पांडेय मोनू कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश सेठ सुशांत कुमार केसरवानी संयोजक, दुर्गेश यादव कोषाध्यक्ष, राम बाबू यादव जिलाध्यक्ष प्रयागराज, प्रकाश सिंह यादव प्रभारी यमुनापार प्रयागराज, अनूप कुमार अतुल प्रदेश संगठन मंत्री, शिवांक तिवारी रजत संरक्षक, रंग बहादुर यादव प्रदेश महामंत्री तथा नवीन कुमार सिंह आदि के अलावा कई अन्य लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी है।

# पीसीएस प्री परीक्षा 2025 में 55% अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**करछना।** मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, करछना प्रयागराज में रविवार को आयोजित पीसीएस प्री परीक्षा 2025 में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल 384 अभ्यर्थियों के सापेक्ष प्रथम पाली में 172 और द्वितीय पाली में 169 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र पर 55 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रारंभ होने से 45 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बंद कर दिया गया था। इस बार परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी अन्य जनपदों से आए हुए थे। करछना सिटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित इस केंद्र पर दूरी के बावजूद अभ्यर्थियों को यातायात की अच्छी सुविधा के कारण किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुचारु रही।

# सपा अध्यक्ष को सौंपे पाँच पौधे, समाधि पर रोपण का मिला भरोसा



सपा अध्यक्ष को पौध सौंपते पर्यावरण प्रेमी राम मूरत यादव

**बहरिया।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक की तृतीय पुण्यतिथि पर सैफई पहुंचे बहरिया क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी ने सपा अध्यक्ष को पाँच पौधे भेंट किए। उन्होंने इन पौधों को नेताजी की समाधि पर लगाने की इच्छा जताई। सपा अध्यक्ष ने पौधों को समाधि स्थल पर रोपित कराने और उनकी देखभाल सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।

बहरिया क्षेत्र में ह्लपेड़ वाले चाचाह्व नाम से प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी राममूरत यादव अब तक क्षेत्र में हजारों पौधे लगा चुके हैं। वे पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का रूप देने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि मुलायम सिंह यादव को वे अपना आदर्श मानते हैं और हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर हरित संदेश देने के लिए पौधरोपण करते हैं। राम मूरत यादव की सराहना करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा की पर्यावरण संरक्षण समाजवादी की सच्ची भावना का प्रतीक है। ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने की इस बार लाए गए पाँच वटवृक्ष सैफई स्थित नेताजी के स्मारक स्थल पर रोपे जाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में प्रयागराज से पहुंचे अन्य समाजवादी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने स्व. नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मेजावासी शांति और सद्भाव पूर्वक मनाएं परंपरागत दिवाली का पर्व : राहुल मिश्रा

### भाजपा युवा नेता ने दीपावली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र के लोगों को दिया शांति और शौहर्द का संदेश



**मेजा।** दिवाली का त्यौहार दीये जलाकर, घर सजाकर, नए कपड़े पहनकर,मिठाइयाँ बाँटकर और परिवार के साथ मिलकर लक्ष्मी गणेश की पूजा करके मनाया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत और नई शुरूआत का प्रतीक है। उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के जिलामंत्री युवा नेता राहुल मिश्रा ने दीपावली पर्व के पूर्व एक औपचारिक मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि त्यौहार की शुरूआत और घर की सजावट दिवाली से पहले घरों की अच्छी तरह सफाई की जाती है, फिर घरों को दीये, फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है। इस दौरान घर के दरवाजे पर रंगोली बनाना भी दिवाली की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर लोग धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठान के अनुसार लोग धन की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और उनसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम की पूजा उत्तर भारत में भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है

सामाजिक और पारिवारिक गतिविधियो पर चर्चा करते हुए राहुल ने कहा कि लोग दिवाली पर नए और अच्छे कपड़े पहनते हैं और परिवार व दोस्त एक दूसरे को रंग-बिरंगी मिठाइयों के डिब्बे उपहार के रूप में देते हैं। उनका मानना है कि बुराई को दूर भगाने और खुशी मनाने के लिए आतिश बाजी की जाती है। लोग एक दूसरे से मिलते हैं और परिवार के साथ समय बिताते हैं।दीपावली का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। उन्होंने बताया कि कई लोग इसे आने वाले साल के लिए एक नई शुरूआत के रूप में भी देखते हैं।

हालांकि दीपावली के मद्देनजर उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांति और सौहार्द के साथ दिवाली मनाने की अपील किया है।

# मिशन शक्ति अभियान जागरूकता चौपाल का आयोजन



**मांडा।** रविवार को मिशन शक्ति फेस-5 के अंतर्गत मांडा पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र के राजापुर रतावल में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव सिंह ने किया। वहीं उप निरीक्षक चन्द्र पाल सिंह ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, पर संपर्क करे। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। तथा उच्चाधिकारियों के निदेर्शों के अनुसार यह जागरूकता अभियान सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। मौके पर उप निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी, महिला उपनिरीक्षक, नीरज राजपूत, कांस्टेबल विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

### शिक्षा ही सफलता की असली सीढ़ी है : जागृति पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट प्रयागराज के तत्वावधान में गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज भिदिउरा थरवई में मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आत्मनिर्भरता तथा समाज में उनके सशक्त योगदान के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जागृति पाण्डेय उपनिदेशक, मेरा युवा भारत, युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज की बालिका कल की राष्ट्र निमार्ता है। प्रत्येक बालिका में अपार क्षमता छिपी होती है, आवश्यकता है तो केवल उस क्षमता को पहचानने और उसे उचित दिशा देने की। उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वासी बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अपने सपनों को साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज से मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल, ऋचा वर्मा, पूनम बिंद, एस आई धर्मेंद्र कुमार यादव एवं कांस्टेबल गोविंद सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। पुलिस विभाग की टीम ने उपस्थित छात्राओं को सुरक्षा एवं सहायता से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे वी मेन हेल्प लाइन 1099, डायल 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 1030 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन आदि की जानकारी दी। छात्राओं को बताया कि संकट या किसी भी असुरक्षित स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा, जागरूकता और सेवा के माध्यम से नवाचार लाना है। उन्होंने बताया कि संस्था निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से राम मूरत विश्वकर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा दोनों ही राष्ट्र के विकास की बुनियाद हैं। यदि हम प्रत्येक बालिका को शिक्षा और आत्मविश्वास का अवसर दें, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित रूप से दिखाई देगा। इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा जनपद स्तरीय विद्या प्रतिभा स्पर्धा परीक्षा का शुभारंभ भी किया गया। इस प्रतियोगी परीक्षा में जनपद प्रयागराज के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। परीक्षा का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना, आत्मविश्वास और शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करना है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, रचनात्मकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना ही इसका मुख्य लक्ष्य है। ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों के आयोजन की कामना की।

## न्यूज झरोखा

### सोशल मीडिया स्टेटस लगाना एक युवक को भारी पड़ गया, उमेश पाल हत्याकांड के सीसीटीवी फुटेज को अपने स्टेटस में लगाया, कैप्शन लिखा. सिस्टम मेरे अधीन है




**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े सीसीटीवी फुटेज को अपने सोशल मीडिया स्टेटस में लगाना एक युवक को भारी पड़ गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। युवक ने स्टेटस में सीसीटीवी का फुटेज के साथ गाना लगाया था ह्लसिस्टम मेरे अधीन हैह्व। वीडियो वायरल होने पर किसी ने इसकी शिकायत धूमनगंज पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। बाद में उसे गिरफ्तर कर लिया गया। युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह स्टेटस लगाया था। किसी ने एक्स पर इसकी शिकायत पुलिस से की थी। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने युवक को पकड़ लिया।

### बरियांवा में सड़क निर्माण हेतु राज्यसभा सांसद ने लिखा पत्र



**जंघई।** बरियांवा शुक्लान गांव से मौर्य, यादव, भारतीया, दलित बस्ती होते हुए नीबी में वारी दुगार्गंज संपर्क मार्ग में मिलने वाली सड़क मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो गई आवागमन बाधित हो रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जंघई एवं बरियांवा गांव निवासी शुभम शुक्ला ने राज्यसभा सांसद डाक्टर अजीत माधवराव गोपछड़े को सड़क बनवाने हेतु पत्र दिया था। पत्र का संज्ञान लेते हुए सांसद ने लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर सड़क निर्माण हेतु पत्र लिखा है। शुभम शुक्ला ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों को आश्वस्त किया है कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द होगा ताकि ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों को आवागमन में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### अरैल में 163 वां स्वच्छता अभियान सेल्फी प्वाईंट पक्के घाट पर चलाया गया



**नैनी।** नैनी अरैल सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य से सेल्फी प्वाईंट स्थित अरैल यमुना तट पर रविवार को भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। चारों तरफ के गंदगियों को एकत्रित करके नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा गंदगियों को हटवाया गया। संस्था के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा, कि हमारी संस्था प्रत्येक महीने के दूसरे एवं चौथे रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती है। वहीं पर संस्था पदाधिकारी ऋषि दीक्षित ने कहा कि सुंदर एवं मनोरम स्थल अरैल के गंगा यमुना तट पर लोग बर्थडे पार्टी करके गंदगी फैला कर चले जाते हैं, जहां-तहां देखिए सिगरेट आदि के पैकेट पड़े होते हैं, सभी से अपील की जाती है कि आप सब भी जहां पर गंदगी आदि देखें तो स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक अवश्य कीजिए। स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं सावधान करने हेतु प्रयागराज की प्रतिष्ठित संस्था-लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा शुगर एवं बीपी की जांच हेतु एक कैंप लगाया गया, जिसमें सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, महेश प्रसाद केसरवानी, डॉ.एस.बी.यादव, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, विकास मिश्रा, शशिकांत पांडेय, नीरज पांडेय, ओमप्रकाश श्रीवास्तव,धीरज निषाद, महेश प्रसाद केसरवानी, लायन्स क्लब से डॉ. आर.के. सिंह,डॉ. पुष्पेंद्र त्रिपाठी, सुनील गुप्ता कार्तिकेय तिवारी, निर्मल कुशवाहा, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### रामलीला मे बालि बध, अशोक वाटिका एवं लंका दहन का मंचन हुआ



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला मे बालि बध, अशोक वाटिका एवं लंका दहन की लीला का अत्यंत सुन्दर मंचन हुआ। सुग्रीव से मित्रता निभाते हुए राम बालि को वृक्ष की ओट से प्राण घातक बाण मार देते हैं। बालि राम से कहता है कि आपका अवतार धर्म की स्थापना के लिए हुआ है और आपने मुझे बहेलिया की तरह छिपकर बाण मारा। आपने यह अधर्म क्यों किया ? राम इसका उत्तर देते हैं। बालि पहले तो तर्क-वितर्क करता है फिर अपनी भूल स्वीकार कर कहता है कि भगवन् मैं आज भी पापी हूं परंतु अंतिम समय में आपके दर्शन से मेरी सद्गति निश्चित है। अगले दृश्य में हनुमान सीता जी की खोज में लंका जाते हैं, सीता जी को ढांढस बधांते हैं, रावण को समझाते हैं। रावण की उदंडता पर सारी लंका को जलाकर भस्म कर देते हैं। लंका दहन लीला देख कर दर्शक खूब तालियां बजाते हैं। वीर बजरंगी की जय के जयकारों से रामलीला स्थल गूंज उठता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, सर्वेश सिंह, दिनेश सिंह, शशि सिंह, अनिल चौधरी, राम जीत सिंह, हरि बाबू सिंह, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, राकेश मिश्रा, शनि केसरवानी, आर एल डी दुबे, हरि शंकर सिंह, सत्येन्द्र सोनकर, बजरंगी लाल, गुड्डु मिश्रा, विशाल श्रीवास्तव, संतोष सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, ननकऊ यादव, आजाद ट्रेडर्स, रमेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, पिंटू नेपाली आदि उपस्थित रहे।

### चौकी प्रभारी व उप निरीक्षक का स्थानांतरण, भावभीनी विदाई



**मांडा।** स्थानीय थाने में तैनात उप निरीक्षक व भारतगंज पुलिस चौकी प्रभारी का रविवार को स्थानांतरण होने से स्टॉप पुलिस कर्मियों की आंखें नम हो गई। बता दें कि रविवार को मांडा थाने में तैनात उप निरीक्षक कृष्णा नन्द राय तथा चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह का स्थानांतरण होने से थाना परिसर में सभी पुलिस कर्मियों की आंखे नम हो गई ।और उन्हें अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर भावभीनी विदाई की ' वहीं मांडा इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने स्थांतरित उप निरीक्षक व प्रभारी के प्रति उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि इतने दिनों तक मांडा थाने में अपनी सेवा देना तथा जगह जगह महिला सशक्त के तहत प्रत्येक मोहल्लों में जाकर महिलाओं को जागरूक करना एवं लोक प्रियता के साथ लोगों को न्याय के काबिले तारीफ है। दोनों का स्थानांतरण लखनऊ पुलिस जोन में किया गया है। मौके पर मांडा थाना सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री समाज कल्याण ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नरायनपुर का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण द्वारा जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नरायनपुर (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विद्यालय के स्टोर रूम व किचन रूम का निरीक्षण किया एवं बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, भोजन की गुणवत्ता ठीक पायी गयी जिस पर मंत्री ने भोजन की गुणवत्ता को और बेहतर करने का निर्देश दिये। कैन्टीन के निरीक्षण में फर्श के पत्थर की पालिस कराने एवं टूटे हुये पत्थर को बदलवाने, पंखे चेन्ज करवाने, अच्छी किस्म की एलईडी लाइट लगवाने व मेज व टेबल की पेन्टिंग के साथ-साथ टेबल व मेज पर लगे सरमाइका को बदलवाकर और अच्छे कलर दार



सरमाइका लगाने के निर्देश दियें। प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि दीवालों पर अध्यापकों एवं बच्चों के परामर्श से कलात्मक पेन्टिंग करायी जाये। बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग क्लास चलवाये जाने के निर्देश दिये। आवासीय बच्चों के कक्ष में मंत्री जी द्वारा निरीक्षण किया गया और कक्षा-7 के छात्र दुर्गेश, शिवा सरोज आदि की किताबे चेक किये और बच्चों से पढ़ाई से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये, बच्चों के उत्तर से मंत्री सन्तुष्ट थे। इसके अतिरिक्त कक्षा-9 के आवसीय बच्चों के कक्ष में गणित के विभिन्न प्रश्न पीयूष राव, अभय यादव सहित अन्य बच्चों से पूछे गये जिस पर बच्चों द्वारा सही देने पर मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के बच्चों द्वारा ज्वालामुखी, जल शुद्धिकरण, स्वयं से निर्मित मंत्री की फोटो, नवीन संसद भवन आदि की प्रदर्शनी लगायी गयी थी जिसका मंत्री द्वारा अवलोकन किया गया जिस पर प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों को स्वावलम्बी बनाने के लिये 12 बच्चों का एक ग्रुप बनाकर सफाई किट दिया जाये जिससे सप्ताह में एक दिन बच्चों व अध्यापकों द्वारा श्रमदान कर सफाई का कार्य किया जाये। इसके अतिरिक्त 12 बच्चों का एक ग्रुप बनाकर उन्हें कपड़े प्रेस करने के लिये एक प्रेस दिया जाये जिससे बच्चें कपड़ों को प्रेस करके सुसज्जित व अच्छे दिखे। इसके अतिरिक्ति विद्यालय परिसर के गमलों में फूलपत्ती लगाये, कैम्पस में भी फूल, हरी घास लगाये और इसे बेहतर करने लिये बच्चों को भी सिखाये जिससे वे अपने घर परिवार को भी सिखा सके। मंत्री ने स्कूल के अध्यापकों एवं बच्चों से वार्ता की और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। मंत्री द्वारा बच्चों से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी जिस पर बच्चों ने बताया कि सभी सुविधायें मिल रही है। विद्यालय के 02 बच्चों द्वारा कविता व रैप के माध्यम से अपनी अनोखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया जिस पर मंत्री ने प्रसन्न होकर विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि विद्यालय के और बच्चों को इसी तरह की अनोखी प्रतिभा हेतु प्रोत्साहित किया जायें। इस दौरान मंत्री द्वारा विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को देखा गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### घायल पूर्व प्रधान की इलाज के दौरान हुई मौत, कोहराम



**लालगंज।** चाकू के हमले से घायल पूर्व प्रधान की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत को जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। लालगंज कोतवाली के बलभद्र का पुरवा वीरसिंहपुर निवासी 60 वर्षीय रामयश सरोज को उनके घर में नौ सितंबर की रात चाकू से हमला करके घायल कर दिया गया था।स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज के दौरान 11 अक्तूबर को रामयश की मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इधर घटना को लेकर मृतक की बहू बबिता पत्नी स्व. कर्मवीर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजेन्द्र कुमार पुत्र स्व. घेर्राऊ व एक अज्ञात समेत दो आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या के प्रयास का मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा। नामजद आरोपित राजेंद्र कुमार को जेल भेजा जा चुका है। इधर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक तथा कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पूर्व प्रधान रामयश के निधन को दुखद कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्व. रामयश सरोज की स्मृति को नमन करते उन्हें कुशल सामाजिक संगठक, समर्पित एवं संघर्षशील साथी ठहराते हुए निधन को अपूर्णनीय रिक्तता ठहराया है। नेताद्वय का बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

### पाही पर सो रहे युवक के ऊपर जानलेवा हमला

**पट्टी।** घर से दूर पाही पर सो रहे युवक के ऊपर अज्ञात चोरों ने हमला बोल दिया। जिसमें युवक को गंभीर चोटे आई। मामले की शिकायत पीड़ित ने 112 पुलिस से करते हुए स्थानीय पुलिस को भी सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल के बाद घायल युवक का मेडिकल परीक्षण करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव निवासी लाखन सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह शनिवार की देर रात अपने पाही पर सो रहा था। रात लगभग 9 बजे के आस-पास अज्ञात चोर आए और मोटर खोलने लगे। आहट पाकर जब वह जागा तो उसका विरोध किया। इस पर उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।हल्ला गुहार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छान-बीन करने के बाद स्थानीय पुलिस को भी सूचित किया। पीड़ित ने नामजद चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्रवाई में लगी हुई है।

### पुलिस ने दो वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालगंज।** कोतवाली लालगंज के दरोगा राजेश यादव रविवार को पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान वांछित समापुर निवासी नन्हे सिंह व संजय सिंह पुत्रगण अनन्त बहादुर सिंह को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों वांछित को जेल भेज दिया गया।

### डम्पर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित होकर हाईवे पर सड़क किनारे डम्पर पलट गया। दुर्घटना में चालक व खलासी बाल बाल बच गये। कोतवाली लालगंज कस्बे से गुजरे हाईवे से शुक्रवार को भोर में एक डम्पर गिटटी लेकर प्रतापगढ़ की तरफ जा रहा था। हाईवे पर बन विभाग कार्यालय के समीप अचानक अनियंत्रित होकर डम्पर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना में चालक व खलासी मामूली रूप से चुटहिल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रामा सेण्टर में दोनों का इलाज कराया।

## बांस काटने से मना करने पर मां बेटे ने मिलकर पीटा

**बेलखरनाथ धाम।** बांस काटने से मना करने पर पड़ोसी ने मां बेटे की जमकर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। कंधई थाना क्षेत्र के रामपुर कांपा निवासी शिव प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि, गुरुवार सुबह 7 बजे पड़ोसी चमन जबरन घर के बगल बांस की कोट में बांस काटने लगें, मना किया तो उक्त लोगों ने घर से लाठी डंडा लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। मारपीट में शिव प्रसाद को गंभीर चोटें आई । लोगों के बीच बचाव के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ आरोपी घर में घुसकर तोड़फोड़ के साथ जान से मारने की धमकी दी । पीड़ित ने घटना की जानकारी डायल 112 पीआरबी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के अस्पताल भेजा,देर शाम इलाज के बाद शिव प्रसाद की तहरीर पर कधंई पुलिस ने रामपुर कांपा निवासी चमन व चमन की मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एस ओ कधंई गुलाबचंद सोनकर ने बताया कि पुरानी रंजिश में मारपीट हुई है, मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भारत माँ की जय की धुन के साथ अविरल चलती रही संघ की यात्रा : ओम प्रकाश

### शस्त्र-पूजन कर हर्षोल्लास से मना विजयादशमी उत्सव, निकाला पथ संचलन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मन मे भारत माँ की जय की धुन और समाज के जागरण का संकल्प के साथ संघ की यात्रा अनथक और अविरल चलती रही।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार और साधना के गौरवशाली यात्रा के साथ अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। उक्त विचार शनिवार देर शाम बेल्हा देवी धाम पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बेल्हा देवी बस्ती द्वारा आयोजित श्री विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने कहा। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट होकर इस राष्ट्र का विश्व सिरमौर बनाना है। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष का मूलमंत्र का विषय पंच प्रण अर्थात कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण स्वदेशी भाव जागरण एवं नागरिक





कर्तव्य के विषय में स्वयंसेवकों को विस्तृत रुप से बताया। उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन के साथ किया गया। तदुपरांत नगर में स्वयंसेवकों ने उत्साह एवं शांतिपूर्ण ढंग से पथ संचलन निकाला। इस दौरान पथ संचलन कर रहे स्वयं सेवकों पर नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर संघचालक जगदम्बा,वीपी अग्रहरि,नगर कार्यवाह अंकित, व्यवस्थापक शिव कुमार, राजेश,देवेन्द्र कुमार,आशीष,उमंग, संतराम सहित आदि मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर बाबागंज स्थित केशव बस्ती के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित श्री विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण ने कहा कि अमृतकाल का यह समय अपनी पवित्र मातृभूमि को पुनः विश्वगुरु सिंहासन पर आरूढ़ करने के लिए सभी मतभेद भुलाकर, एक साथ आकर, पुरुषार्थ करने का समय है। उन्होंने कहा कि इस समय सभी का एक ध्येय होना चाहिए कि देश धर्म संस्कृति के लिए एक जुट होकर भारत माता के लिए कार्य करें। गत 100 वर्षों से यह महायज्ञ अविरत रूप से चल रहा है। संपूर्ण समाज संगठन के द्वारा देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं और चुनौतियों का समाधान कर, समाज में स्थायी परिवर्तन लाने हेतु समाज की व्यवस्थाओं का युगानुकूल निर्माण करना ही संघ का उद्देश्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन कर किया गया। तदुपरांत पथ संचलन निकाला गया।पथ संचलन अटल पार्क से सिप्टैन रोड़, कपूर चैराहा, भरत चैक होते हुए निर्मल तिराहा से पुनः अटल पार्क पहुंचा जहां समापन हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से विभाग संघचालक रमेश, अनिल चैरसिया, नगर प्रचारक विवेकानंद, नगर कार्यवाह अंकित, सह नगर कार्यवाह सुमित, नगर शारीरिक शिक्षा प्रमुख राज, डॉ सुधांश, चक्रमणि, सार्थक, उमाशंकर, राजेश, जय शंकर, श्याम, आयुष सहित आदि मौजूद रहे।

# दो दिन से परेशान ग्रामीणों ने जाल डालकर घड़ियाल को पकड़ा





### वन दरोगा ट्रैक्टर पर घड़ियाल को लेकर गए वन विभाग

**विजय पाठक**

**पट्टी।** बीते शनिवार की सुबह शारदा सहायक खंड 36 जौनपुर रजवहा में नजर आ रहे घड़ियाल को रविवार की देर शाम जैतापुर के ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए जाल डालकर पकड़ लिया और नहर के पानी से बाहर निकाला। ग्रामीणों की सूचना पर वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर बुलाकर ग्रामीणों की मदद से उसे ट्रैक्टर ट्राली पर लाद लिया और वन विभाग के लिए निकल गए। लगभग 30 मिनट तक जैतापुर गांव में ग्रामीणों की भारी भीड़ घड़ियाल के अगल-बगल वीडियो बनाती हुई नजर आई। बच्चे शोर मचाते हुए नजर आए। घड़ियाल के जाने के बाद वहां माहौल सामान्य हो सका। ग्रामीणों की मानें तो नहर के भीतर अभी और भी घड़ियाल मौजूद हैं। रविवार की सुबह इलाके के बीबीपुर गांव के समीप से गुजरी शारदा सहायक खंड 36नहर में ग्रामीणों को एक घड़ियाल तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ हो गई। वन कर्मियों ने जाल लगाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इसके पहले वेसार गांव में शनिवार की सुबह ग्रामीणों को नहर में घड़ियाल दिखा था। जिससे ग्रामीण काफी भयभीत रहे। वन दरोगा विजय कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी। नहर के फाटक को बंद कराया गया है। प्रयास जारी है जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। देर शाम 6 बजे जैतापुर गांव के सदाशिव, राजू, धर्मेंद्र,सरवन, रामनारायण, रमेश पटेल, चंदन समेत कई ग्रामीणों ने जाल डालकर घड़ियाल को पकड़ लिया और वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन दरोगा लालचंद यादव ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से घड़ियाल को पकड़ लिया गया है इस वन विभाग ले जाया जा रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर इसे सुरक्षित पानी में छोड़ा जाएगा।

## घर से निकली दो किशोरी लापता, केस दर्ज

**लालगंज।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग अलग गांव से दो किशोरी लापता हो गई। घटना को लेकर दोनों लापता किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ अक्टूबर को सुबह करीब तीन बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी। उसके वापस न लौटने पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। आरोप है कि खोजबीन के दौरान गोसाई का पुरवा अमावा निवासी आरोपित प्रवीण कोरी पुत्र श्रीपाल द्वारा किशोरी को अपहृत कर ले जाने की जानकारी हुई। इस पर पीड़ित पिता उलाहना देने उसके घर गया तो आरोपित के पिता ने धमकी दी। वहीं दूसरी घटना में पीड़ित पिता का आरोप है कि छह अक्टूबर को सुबह जन्म प्रमाण पत्र सही कराने की बात बताकर घर से निकली उसकी 17 वर्षीय पुत्री वापस नहीं लौटी। आरोप है कि अज्ञात आरोपित बहला फुसला कर उसे कही भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि दोनों घटनाओं में जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भगवान का जन्म सुमंगल व सुकीर्ति का शंखनाद : आचार्य देवव्रत

### नौढ़िया टोड़ी का पुरवा में प्रभु जन्म प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नौढ़िया टोड़ी का पुरवा में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को भगवान कन्हैया के जन्म का प्रसंग सुनकर भक्त निहाल हो उठे। सुविख्यात कथा मर्मज्ञ आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि श्रीरामावतार व प्रभु के कृष्णावतार में लोकमंगल फलीभूत हुआ। उन्होने कहा कि अधर्म का अंधकार बढ़ने लगा तो समयानुकूल भगवान नेजन्म लिया। आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम व नीति नियंता भगवान माधव बिहारी का अवतरण





सुयश के सुकीर्ति का प्रकाश है। उन्होने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जगत को धर्म पथ पर अडिग रहने की शक्ति दिया है। कथा के दौरान भगवान के भव्य मनोरम झांकी पर पुष्पवर्षा के साथ जन्म उत्सव ममोहक हुआ। ब्यासपीठ से मंगल मंत्रोच्चारण के मध्य भजन में श्रद्धालुओं की संगत दिखी। पांण्डाल भगवान जन्म पर राधे कृष्ण , श्री हरिबोल से गूंज उठा। संयोजक प्रधान उज्ज्वल शुक्ल, चिकित्सक डा० नीरज शुक्ल, मनुज शुक्ल, सरोज, अजिता, दीक्षा ने ब्यास पीठ का मंगलाभिषेक किया। स्वागत अंकुर शुक्ल व आभार आलोक शुक्ल ने किया। ज्स मौके पर विकास मिश्र, मोनू पांण्डेय, राकेश त्रिपाठी, अनिल महेश, आदि रहे।

# फार्मासिस्ट की पत्नी का निधन स्वास्थ्यकर्मियों में शोक

**पट्टी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कार्यरत फार्मासिस्ट अनुपम श्रीवास्तव की पत्नी साधना श्रीवास्तव (38) का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ जाने से शनिवार देर रात मौत हो गई। इस घटना से स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार रविवार देर शाम साधना श्रीवास्तव की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। साधना श्रीवास्तव मूल रूप से आजमगढ़ जनपद की रहने वाली थीं।बताया गया कि साधना श्रीवास्तव अपने पति अनुपम श्रीवास्तव और दोनों बेटों के साथ पट्टी में रह रही थीं। बड़ा बेटा शाश्वत की उम्र लगभग 16 वर्ष है, जबकि छोटा बेटा शौर्य अभी स्कूली छात्र है। अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही पट्टी सीएचसी सहित जिलेभर के स्वास्थ्यकर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सहकर्मियों ने कहा कि अनुपम श्रीवास्तव मृदुभाषी और मददगार स्वभाव के अधिकारी हैं, ऐसे में यह दुख की घड़ी पूरे स्वास्थ्य परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## जन आरोग्य मेले में 146 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ परीक्षण

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न रोगों के मरीजों का प्राथमिक उपचार किया। उन्हें निश्शुल्क दवाइयां दी गईं। मेले में डायबिटीज, बीपी, उदर रोग, त्वचा रोग, टीबी आदि के कुल 146 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हे परामर्श दिया गया। पीएचसी नोती में 55, रानीगंज कैथोला में 49 व पहाड़पुर में 42 मरीजों का इलाज किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद गुप्ता ने बताया कि चिकित्सीय टीम द्वारा मरीजों को रोगों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

# गांव में बिजली न पहुंचने पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

## 18 घरों के लोग अब भी बिजली से वंचित, आंदोलन की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के भाटी खुर्द गांव में रविवार सुबह ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। गांव के 18 घरों में अब तक बिजली की सुविधा नहीं पहुंची है। जिससे लोग वर्षों बाद भी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने साल बाद भी इन परिवारों को सरकार बिजली मुहैया नहीं करा पा रही है।

इन 18 घरों में 14 घर दलित बस्ती के हैं, जबकि 4 घर मुस्लिम बस्ती के अंतर्गत आते हैं। बिजली न होने की वजह से इन घरों में आज भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं हो पाता। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू काम, और ग्रामीण



जीवन की बुनियादी जरूरतें इससे गंभीर रूप से प्रभावित हैं।ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर रविवार को भाटे खुर्द गांव के लोग एकजुट हुए और बिजली विभाग का ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही बस्ती के सभी बिजली-विहीन घरों तक बिजली की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे बड़े आंदोलन की ओर कदम बढ़ाएंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से लालू यादव, रमेश वर्मा, समर जीत वर्मा, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और नारेबाजी करते हुए अपनी मांग रखी।ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को साफ चेतावनी दी कि अब वे अंधेरे में जीने को तैयार नहीं हैं, और जब तक उनके घरों में रोशनी नहीं पहुंचेगी, आंदोलन तेज होता जाएगा।

# पीसीएस की परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत

## मामा के साथ बाइक से परीक्षा देने गई थी छात्रा हादसे में मामा घायल

**अखंड भारत संदेश**



**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना के औरेनी मोड़ के पास अज्ञात वाहन नें बाइक सवार मामा भांजी को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार मामा भांजी सड़क पर गिर पड़े हैं घटनास्थल पर भांजी की दर्दनाक मौत हो गई और मामा गंभीर रूप से घायल है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज जनपद के सोरांव थाना क्षेत्र के तुला पुर की रहने वाली दीपांजलि उर्फ पूजा पुत्री विजय पटेल उर्फ लालता अपने मामा रंजीत कुमार पटेल पुत्र बनवारी लाल निवासी सल्लाह पुर थाना पूरामुफ्ती के साथ बाइक से पीसीएस की परीक्षा देने मोहनलाल गंज गई थी पीसीएस की परीक्षा देकर दीपांजलि अपने मामा रंजीत कुमार के साथ बाइक से वापस प्रयागराज लौट रही थी जैसे ही बाइक सवार कड़ा धाम थाना क्षेत्र के औरेनी मोड़ के पास पहुंचे तेज गति किसी वाहन ने बाइक सवार मामा भांजी को टक्कर मार दिया है जिससे मामा भांजी दोनों सड़क पर गिर पड़े दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई घटनास्थल पर तड़प तड़प कर छात्रा दीपांजलि उम्र लगभग 25 वर्ष की मौत हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रंजीत को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है और मृतक छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना करने के बाद वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## सड़क किनारे खड़े मां-बेटा व भतीजी ट्राला की टक्कर से घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा कस्बे में आज रविवार को अनियंत्रित ट्राला चालक ने सड़क किनारे खड़े मां बेटा और भतीजी को टक्कर मार दिया जिससे तीनों लोग गंभीर घायल हो गए दुर्घटना देखकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना करने वाले वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक नगर पंचायत अझुवा में रविवार को दूसरे दिन का दशहरा मेला लगा है रविवार होने के कारण हाइवे सहित कस्बे में जमकर भीड़ रही है अनीता देवी पत्नी राजकुमार निवासी सुजरही थाना खागा फतेहपुर अपने पुत्र यश उम्र तकरीबन 5 वर्ष एवं शांती देवी उम्र तकरीबन 20 वर्ष पुत्री छेदीलाल निवासी बुदवन खागा के साथ रविवार को अझुवा दशहरा मेला देखने आई थी ।ऑटो से उतरकर महिला अपने बच्चे वा भतीजी के साथ सड़क किनारे खड़ी हो गई इतने में ही अनियंत्रित ट्राला ने तीनों को टक्कर मार दिया इस टक्कर से यश और शांति गंभीर घायल एवं अनीता मामूली घायल हुई है। वहीं मौके पर भाजपा नेता करन सिंह खड़े थे ज्योंहि घटना देखा घायल बच्चे जिसके शरीर से बड़ा तेजी से रक्त निकल रहा था नजदीक दवाखाना पहुंचवा दिया।ट्रैफिक पुलिस और अझुवा चौकी पुलिस के जवान खड़े थे ट्राला को कब्जे में लेकर घायलों को नजदीकी दवाखाना में मरहम पट्टी कराते हुए एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया है।

## सर्प काटने से बच्ची की मौत परिजनों में मचा कोहराम



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चायल में शनिवार की आधी रात को एक बच्ची की सर्प ने डस लिया बच्ची ने परिजनों को बताया लेकिन परिजन समझ नहीं पाए और बच्ची रात में फिर सो गई लेकिन सुबह नहीं उठी है सर्प काटने से उसकी मौत हो गई बच्ची की मौत होने पर परिजनो मे कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत चायल के वार्ड नम्बर 1 डीहा गांव मे अंशिका उम्र लगभग 6 वर्ष पुत्री राजेन्द्र कुमार शनिवार आधी रात को लघुशंका करने के लिए उठी थी तभी अचानक सर्प ने उसे काट लिया बच्ची ने परिजनों को बताया कि हमको कुछ काट लिया है लेकिन परिजनों ने बच्ची की बातों को अनसुना व अनदेखा कर दिया बच्ची उसके बाद फिर सो गई सुबह देर तक बच्ची सोती रह गई तब परिजनो ने उसे जगाने का प्रयास किया लेकिन बच्ची के ना जागने पर परिजनों मे कोहराम मच गया तब तक देर अधिक हो चुकी थी और बच्ची की मौत हो चुकी थी।

# नेशनल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस/एसीएफ/आरएफओ (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 रविवार को जनपद कौशाम्बी के सात परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आज विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारी नेशनल इंटर कॉलेज, भरवारी पहुंचे, जहां उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, प्रवेश द्वार पर तलाशी व्यवस्था, परीक्षा कक्षों में शुचिता बनाए रखने की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों के चारों ओर कड़ी निगरानी रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी जाए।वहीं जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने केंद्र व्यवस्थापकों और पर्यवेक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था, अनुशासन और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण प्रदान किया जाए, ताकि सभी उम्मीदवार निष्पक्ष रूप से परीक्षा दे सकें।दोनों अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी सातों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पत्नी के वियोग में युवक ने खाया जहर तड़प कर नहर में गिरा मौत

**●आधी रात को पति के जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद भी अपने पति को बचाने पत्नी नहीं पहुंची ससुराल**

**अखंड भारत संदेश**





**महेवा घाट कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव का एक युवक पत्नी के वियोग में तड़प कर-के बीती रात जहरीला पदार्थ खा लिया है जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेचैन होने लगा बेचैनी के चलते युवक चारपाई से कूद कर नहर तक पहुंच गया और नहर में उसकी मौत हो गई है मामले की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई है परिवार और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई मौके पर थाना पुलिस पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर फॉरेंसिक जांच टीम भी पहुंच गई है और वह मौके पर साक्ष्य एकत्रित कर रही है युवक के चारपाई के नीचे जहर की दो सीसी मिली है जिसमें एक सीसी खाली थी युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के अलवारा गांव निवासी राहुल सरोज उम्र 25 वर्ष पुत्र रामलाल सरोज की शादी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव की एक बालिका से दो वर्ष पहले हुई थी लेकिन शादी होने के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद रहने लगा पति के शराब पीने की आदत और मार पिटाई से परेशान पत्नी अधिकतर समय अपने मायके में ही रहती थी कुछ दिन पहले पत्नी अपने मायके पहुंच गई पत्नी को बुलाने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहा था 2 दिन पहले राहुल अपने ससुराल गोराजू गांव गया था जहां राहुल के ससुरालियों ने राहुल को बेरहमी से मारा पीटा जिससे उसके शरीर में चोट भी लगी थी राहुल की पिटाई होते उसकी पत्नी तमाशबीन बनकर देख रही थी जिससे पत्नी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं लोगों द्वारा बताया जाता है कि उसके बाद राहुल अपने ससुराल से वापस अपने गांव अलवारा लौट आया और ससुराली जनों की प्रताड़ना से पीड़ित होकर के उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है लेकिन यह बात तमाम लोगों को हजम नहीं हो रही है जहरीला पदार्थ खाने के बाद राहुल तड़पने लगा और वह चारपाई से नीचे गिर करके नहर तक पहुंच गया जहां उसकी मौत हो गई है सुबह उसकी नहर में लाश मिली है हालांकि किसी ने राहुल को जहर खाते देखा नहीं है आधी रात को राहुल के मोबाइल से उसकी पत्नी के मोबाइल में बातचीत भी हुई है यदि राहुल ने जहर खाने के बाद पत्नी को फोन किया था तो क्या बातें हुई है और पति राहुल के जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद पत्नी अपने पति को बचाने के लिए आधी रात को क्यों अपने ससुराल नहीं पहुंची यह तमाम सवाल राहुल के ससुराल वालों को कटघरे में खड़ा कर रहा है राहुल की मौत ने अपने पीछे तमाम सवाल छोड़ दिए हैं जो पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है कि ससुराल के लोगों से प्रताड़ित होकर के राहुल ने जहर खाकर आत्महत्या किया है या राहुल के साथ कोई अन्य घटना हुई है।

# भोजवाल समाज को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत : संजय गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी में प्रथम आगमन भोजवाल समाज ने किया भव्य स्वागत**



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के कौशाम्बी जिले में प्रथम भ्रमण आगमन पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। उनके आगमन पर भोजवाल समाज एवं समस्त कौशाम्बी वासी उत्साह से उमड़ पड़े। बता दे कि रविवार को पूर्व जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद गुप्ता की अगवाई में प्रयागराज महानगर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता का आगमन हुआ उनके स्वागत जिले में एक टीम तैयार कर उनके आगमन पर जगह-जगह फूल मालाओं, नारों और जयघोषों के बीच स्वागत किया गया। भोजवाल समाज के लोग एवं स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। भुर्जी भोजवाल महासभा के पदाधिकारियों ने श्री गुप्ता को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री संजय गुप्ता ने कहा कि समाज को एक झूठ होकर कार्य करने की आवश्यकता है जिस जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में भुर्जी समाज का एक वर्चस्व कायम हो सके और संगठन की सबसे बड़ी शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम मूरतगंज चौराहे पर सुंदर, विराट ने स्वागत किया। उसके आगे काफिला बढ़ते हुए चाकवन चौराहा पहुंचा जहां पर गुरु प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में अरुण गुप्ता, रोहित गुप्ता, संजय गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता एवं अन्य साथियों द्वारा भव्य गाजे बाजे के साथ में स्वागत किया और उनके निवास में मुलाकात करते हुए केसरिया में सुनील गुप्ता एवं अशोक गुप्ता एवं अन्य साथियों के साथ भव्य स्वागत किया। श्री गुप्ता का काफिला कड़ा पहुँचकर माँ शीतला के दरबार में मत्था टेका और माँ की पूजन अर्चना किया। फिर वही अझुवा और मंझनपुर में राकेश गुप्ता के यहाँ होते हुए मंझनपुर मुख्यालय चौराहे पर ज्ञानचंद गुप्ता एवं रोहित गुप्ता की अगुवाई में भव्य स्वागत किया फिर काफिला चंपहा पहुचा जहाँ डॉ सुरेश ने स्वागत किया, आगे सराय, बेनीराम कटरा, तिल्हापुर, मनौरी, तिल्हापुर सहित कई जगहों में भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में गुरु प्रसाद गुप्ता, रोहित गुप्ता, अरुण, विमल, संजय, ज्ञानचंद, दुर्गेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, राकेश मोहन, डॉ सुरेश, डॉ कमलेश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तावित पटाखा बिक्री स्थल का किया निरीक्षण

### पटाखा विक्रेताओं से सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आगामी धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत प्रस्तावित पटाखा बिक्री स्थल का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पटाखा विक्रेताओं से सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए,ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर सुखलाल प्रसाद वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित हुआ डीजे पेड़ से टकराया चार घायल

**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गडरिया का पुरवा से मोहब्बत पुर पाइंसा थाना क्षेत्र के मुंगरी कड़ा गांव जा रहे डीजे को सैनी कोतवाली क्षेत्र टेढ़ी मोड़ गांव के पास तेज गति ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे अनियंत्रित डीजे पेड़ से टकरा गया इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रक को चालक सहित रोक लिया और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। इस दुर्घटना में डीजे वाहन चालक राम सागर पुत्र लालचंद वा रंजीत कुमार पुत्र अमर जीत निवासी गडरिया का पुरवा कड़ा वा ऑपरेटर पंकज कुमार पुत्र कालेश्वर निवासी कमाल पुर कड़ा वा राहुल पुत्र छोटे लाल निवासी गडरिया का पुरवा घायल हो गए हैं जिन्हें स्थानीय लोगों ने दुर्घटना ग्रस्त डीजे वाहन से बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है घटना की जानकारी मिलते ही घायलों के परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### अझुवा रामलीला में राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, लंका दहन का किया गया मंचन



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा गांधी चबूतरे मैदान पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम में कलाकारों ने राम सुग्रीव मित्रता,बाली बध,लंका दहन का मंचन किया। रामलीला कथानक के अनुसार भगवान श्री राम और लक्ष्मण द्वारा वन में माता सीता की खोज से प्रारंभ हुई हनुमान जी दोनों भाइयों को सुग्रीव के पास ले गए वहां अग्नि को साक्षी मानकर राम और सुग्रीव ने मित्रता का वचन दिया इसके बाद सुग्रीव ने श्री राम के कहने पर बाली को युद्ध के लिए ललकारा श्री राम ने पेड़ की ओट लेकर बालि वध कर दिया इसके उपरांत सुग्रीव ने माता सीता की खोज के लिए हनुमान जी को भेजा, हनुमान अशोक वाटिका पहुंचे और माता सीता को श्री राम का संदेश दिया हनुमान द्वारा वाटिका उजाड़ने पर अक्षय कुमार और मेघनाथ के साथ भीषण युद्ध का मंचन किया गया रावण की आज्ञा पर हनुमान जी की पूंछ में राक्षसों ने कपड़ा लपेटकर आग लगा दिया हनुमान जी उछल कूद करते हुए पूरे लंका में आग लगा दी जिससे लंका धू धू कर जलने लगी और देखते ही देखते लंका जलकर खाक हो गई।

### गायब दो बच्चियों का 6 महीने बाद भी नहीं लगा सुराग

कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव से दो बालिकाएं लगभग 6 महीने पहले रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं परिवार के लोगों ने बालिकाओं की काफी खोज बीन की थी थाना पुलिस ने भी बच्चियों के खोजने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन गायब दोनों बच्चियों का सुराग नहीं लग सका है जिससे परिवार के लोग परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक दुइजी उम्र 14 वर्ष पुत्री मेवा लाल रैदास निवासी कशिया पश्चिम थाना संदीपन घाट दिनांक 26 मार्च 2025 से गायब हो गई है तमाम प्रयास के बाद बच्ची का सुराग नहीं लग रहा है इसी तरह कुमारी रौनक उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री गोविंद निवासी ग्राम महगांव थाना संदीपन घाट दिनांक 3 अप्रैल 2025 से गायब हो गई है लेकिन तमाम प्रयास के बाद दोनों बच्चियों की जानकारी नहीं मिल सकी है बच्चियों कहां गायब है पुलिस भी खोजने के लिए परेशान है।

### वारंटी अभियुक्त को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा इजरा वाद संख्या 113/2023 धारा 128 सीआरपीसी जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भोला नाथ पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम कटरा जलालपुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

### सीओ चायल ने थाना समाधान दिवस पिपरी में की जनसुनवाई

**कौशांबी** थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को क्षेत्राधिकारी चायल अभिषेक सिंह द्वारा थाना पिपरी में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हो रहे प्रार्थना पत्रों में से कुछ का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रकरणों में सम्बन्धित को टीम बनाकर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। समाधान दिवस पर जनसुनवाई के दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत में इस कदर भ्रष्टाचार की अफसर भी जन सूचना देने को नहीं हैं तैयार

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद शिकायत एवं जन सूचनाए की मांग को लेकर आम जनता अधिकारियों की चौखट पर दौड़ती दिखाई पड़ रही है लेकिन उसके बाद भी ना तो शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है और ना ही जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगने वालों को सूचनाए उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे बढ़ते भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता हैं जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाओं के तमाम आवेदन कार्यालय की रद्दी की फाइल में चले गए हैं लेकिन जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगने वालों को सूचनाए नहीं मिल रही है जन सूचना अधिकार अधिनियम में सूचना देने के पहले आम जनता को इतना परेशान कर दिया जाता है कि वह सूचना ही मांगना भूल जाता है इस गंभीर बिंदु पर अधिकारी भी गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं ताजा मामला नेवादा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरहा का है। दरहा गांव के अभिषेक कुमार पुत्र देशराज ने ग्राम पंचायत दरहा में वर्ष 2022 वर्ष 2023 वर्ष 2024 से लेकर आज तक कराए गए कार्यों व आय व्यय के विवरण का जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत 28 अक्टूबर 2024 को सूचना मांगी थी लेकिन धीरे-धीरे 11 महीने से अधिक का समय बीत गए हैं लेकिन आवेदक अभिषेक कुमार को जन सूचना अधिकार अधिनियम में सूचना नहीं उपलब्ध कराई गई है जन सूचना अधिकार अधिनियम में जब ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने सूचना उपलब्ध नहीं कराई तो जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत खंड विकास अधिकारी से लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी तक अपील दाखिल कर सूचना मांगी गई लेकिन 11 महीने बीत जाने के बाद भी आवेदक को सूचना नहीं उपलब्ध हो सकी है आवेदक अभिषेक कुमार ने फिर 09 अक्टूबर 2025 को जिला पंचायत राज अधिकारी को द्वितीय अपील करते हुए दरहा ग्राम पंचायत की सूचनाए जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत उपलब्ध कराए जाने की मांग की है अब देखना यह है कि जन सूचना अधिकार अधिनियम के नियमों का पालन होता है या फिर भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारी गांव में किए गए कार्यों की सूचना देने में आनाकानी और लापरवाही करते हैं हालांकि यह सत्य है कि जन सूचना अधिकार अधिनियम में आवेदक को जन सूचनाए उपलब्ध करा दी जाए तो ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों की हकीकत आम जनता के सामने होगी और ग्राम पंचायत में सरकारी रकम से कराए गए कार्यों के भ्रष्टाचार की कढ़ाई खुल जाएगी भ्रष्टाचार की कलई ना खुले इस लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम में सूचनाए उपलब्ध कराने में अधिकारी भी आनाकानी करते हैं जिससे ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में विभागीय अधिकारियों की हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जमीन निर्माण कर रहे व्यापारी के साथ दिनदहाड़े गुंडई कर रुकवाया निर्माण



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के असवा में जमीन निर्माण कर रहे व्यापारी के साथ दिनदहाड़े गुंडई की गई है बिना अधिकार के 30 -40 लोग मौके में पहुंचे और काम रुकवा दिया है बताया जाता है कि कपिल केसरवानी द्वारा बाबा बफार्नी फीलिंग स्टेशन का निर्माण स्थित मौजा मोहम्मदपुर असंवा परगना व तहसील चायल की भूमिधरी भूमि पर करता जा रहा है जिसे कपिल केशरवानी ने बृजेश कुमार व रीता केशरवानी से 30 वर्ष के लिए रजिस्टर्ड किराए पट्टेदारी पर लिया है जो धारा 80 (2) उपजिलाधिकारी चायल द्वारा घोषित किया जा चुका है। उक्त भूमि पर रविवार को कपिल केशरवानी निर्माण करा रहे थे तभी निमार्णाधीन जमीन पर मनोज उर्फ मंटू पांडे 30-40 गुर्गो को लेकर गुंडई करते हुए निर्माण कार्य को गुंडई से रुकवा दिया जबकि मनोज पाण्डे उर्फ मन्टू पांडे का उस जमीन से कोई वास्ता सरोकार नहीं है और न ही राजस्व अभिलेखों में ही उक्त मनोज पांडे का कोई नाम अंकित है। बावजूद इसके मंटू पांडे उक्त व्यापारी कपिल केशरवानी के निर्माण कार्य में अपने तीस चालीस गुर्गों के साथ मौके पर पहुंच निर्माण कार्य में अवैध तरीके से हस्तक्षेप करते हुए गुंडा टैक्स की वसूली कर रहा है। उक्त कपिल केशरवानी द्वारा टैक्स देने से इनकार करने पर कपिल कशरवानी को धमकी दे रहा है कि यदि बिना टैक्स दिए निर्माण कार्य प्रारंभ किए तो खून खराबा की स्थिति उत्पन्न होगी और इसमें आपको अपनी जान भी गंवानी पड़ जाएगी।उक्त कपिल केशरवानी नगर के संभ्रांत व्यापारी है किसी प्रकार का विवाद न करते हुए तत्काल थानाध्यक्ष कोखराज को जरिए मोबाइल सूचित किया। सूचना पर चौकी इंचार्ज भरवारी मयफोर्स मौके पर आए तो उक्त मनोज पांडे के गुर्गे मौके से चले गए। किंतु मनोज पांडे उसी तरह मौके पर गुंडई के बल पर खड़ा रहा कपिल केशरवानी चौकी इंचार्ज के सामने पूछे कि मनोज आपका इस भूमि में क्या है। तो उक्त मनोज पांडे कोई जवाब नहीं दे पाए बावजूद इसके व्यापारी कपिल केशरवानी का काम रुकवा दिया गया है सरासर दिनदहाड़े व्यापारी से रंगदारी मांगी जा रही है व्यापारी कपिल केशरवानी प्रशासन से सहयोग की अपेक्षा कर रहा है और रंगदारी मांगने वालों के विरुद्ध कार्रवाई चाहता है। कपिल केशरवानी मौके पर सीसी फुटेज कैमरा लगवा रखा है जिसमें उक्त मनोज पांडे द्वारा मौके पर अपने गुर्गों के साथ आकर काम रुकवाने का प्रकरण कैमरे में बतौर वीडियो रिकॉर्डिंग कैद हैं।दिनदहाड़े गुंडई करने वाला मंटू आखिर किसके संरक्षण में प्रशासन को चुनौती दे रहा है कपिल केसरवानी से मनोज कुमार पांडे उर्फ मंटू द्वारा गुंडा टैक्स के रूप में 20 लाख रुपए की डिमांड शुरू हो गई है कपिल केशरवानी ने मामले की सूचना कोखराज थानेदार को दी उन्होंने मामले को पुलिस चौकी भरवारी को स्थानांतरित कर दिया गुंडई करने वालो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।जिससे रंगदारी मांगने वाले मनोज पांडे उपरोक्त व उसके गुर्गों के हौसले बुलंद हैं। उक्त मनोज पांडे व उसके गुर्गे कपिल केसरवानी के बाबा टीवीएस शोरूम के सामने हुजूम बनाकर दहशत का माहौल पैदा कर रहे हैं जिसकी सूचना बाबा टीवीएस के मालिक अमित केसरवानी द्वारा चौकी भरवारी को जरिए मोबाइल सूचित किया गया है।

## सम्पादकीय

### समाज में परिवर्तन की वाहक बने बालिकाएं

**अंतर्राष्ट्रीय** बालिका दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय पालन दिवस है। 11 अक्टूबर 2012 को पहली बार बालिका दिवस मनाया गया था। तब से हर वर्ष 11 अक्टूबर को पूरी दुनियां में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस दुनिया भर में लड़कियों द्वारा उनके लिंग के आधार पर सामना की जाने वाली लैंगिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस असमानता में शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल और भेदभाव से सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ हिंसा और जबरन बाल विवाह जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम है मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं। संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां। यह थीम संकट की परिस्थितियों में लड़कियों की दृढ़ता, नेतृत्व और सशक्त भूमिका पर केंद्रित है। यह थीम उन चुनौतियों पर प्रकाश डालती है जिनका सामना बालिकाएं करती हैं। जैसे संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और असमानताएं। यह थीम बालिकाओं को केवल संकट के शिकार के रूप में नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक के रूप में पहचानने पर जोर देती है। यह थीम शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा में निवेश का आह्वान करती है ताकि वे बेहतर और समावेशी दुनिया का निर्माण कर सकें।

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 12 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2023-24 में 12 अंक बढ़कर 930 हो गया। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है।

# छंटनी के साए में कैसे होगा व्यवसायों का विकास

**जगदीश रत्तनानी**

**आईटी** सेवा क्षेत्र में जहां कार्यबल की छंटनी की जा रही है तब नियामक जबरन इस्तीफे, धमकियों और उचित प्रक्रिया के दुरुपयोग के आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सारे आरोप सही नहीं भी होंगे लेकिन शिकायतें निराधार भी नहीं हैं। उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से इसका विरोध और उससे होने वाली सामाजिक उथल-पुथल सामने आई है। भारत के आईटी सेवा क्षेत्र में एक स्टार परफॉर्मर रहा है। इसने अनुभवहीन इंजीनियरों को अनुभवी पेशेवरों में बदल दिया है और दुनिया भर में अनुबंधों और अवसरों को अपनी मुठ्ठी में कर लिया है। दूसरी ओर, भारत का लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की अनकही रीढ़ है। यदि आईटी लाखों कर्मचारियों के साथ फर्मों की कम संख्या है तो एसएमई क्षेत्र में लाखों फर्म हैं जिनमें से प्रत्येक में श्रमिकों की कम संख्या है। इसके साथ ही वे भारत की विकास गाथा देखने के लिए दो लेंस प्रदान करते हैं। दोनों क्षेत्र भारत को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देते हैं। तथ्य यह है कि इसे गर्व की बात माना गया है।

फिर भी इस खुशनुमा कहानी में एक ट्विस्ट है। खबरें हैं कि इन दोनों क्षेत्रों में छंटनियां हो रही हैं और छंटनी के लेंस से देखें तो यह एक ऐसी तस्वीर पेश करते हैं जो कम सुंदर है और आंशिक रूप से शायद सर्वथा बदसूरत भी। आईटी सेवा क्षेत्र में जहां कार्यबल की छंटनी की जा रही है तब नियामक जबरन इस्तीफे, धमकियों और उचित प्रक्रिया के दुरुपयोग के आरोपों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। सारे आरोप सही नहीं भी होंगे लेकिन शिकायतें निराधार भी नहीं हैं। उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से इसका विरोध और उससे होने वाली सामाजिक उथल-पुथल सामने आई है।

यह भारत की कहानी का एक पक्ष है जो छंटनी के खिलाफ एक स्टैंड लेता है तो दूसरी तरफ उन श्रमिकों की एक कम ज्ञात कहानी है जो काम के भयानक बोझ से छंटनी और मुक्त होना चाहते हैं। तो भी उन्हें घर जाने की अनुमति नहीं है। पिछले हफ्ते झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के तेरह प्रवासी श्रमिकों को राज्य सरकार के हस्तक्षेप के बाद ही घर जाने की अनुमति दी गई थी। इन श्रमिकों को उनके नियोक्ता परेशान कर रहे थे। गुजरात के मोरबी जिले में एक कंपनी ने उन्हें भोजन और अन्य सुविधाओं से वंचित कर दिया और जब वे जाना चाहते थे तो वेतन देने से इनकार कर दिया। झारखंड सरकार के श्रम विभाग के हस्तक्षेप के बाद 13 लोग न केवल अपने घर लौटे बल्कि उन्हें उनके वेतन का बकाया 68,000 रुपये भी मिला। बताया जा रहा है कि कंपनी अब गुजरात में जांच के दायरे में है। यह पहली बार नहीं है कि प्रवासी श्रमिकों, विशेष रूप से घर से दूर रोजगार की तलाश करने वाले आदिवासियों को बंधुआ मजदूर के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया गया है। समाचार रिपोर्टें इस बात से भरी हैं कि कैसे छोटी इकाइयों में कंपनियों ने श्रमिकों को लाया है तथा कम मजदूरी देकर उनका शोषण किया है। उनके स्वास्थ्य, काम करने की स्थिति या यहां तक कि काम करने की इच्छा या अनिच्छा पर भी बहुत कम ध्यान दिया है। आईटी क्षेत्र में नौकरी से जबरन बाहर निकलना और छोटी दुकानों एवं कारखानों में जबरन काम करना दो अलग-अलग बातें हैं जो भारत के विकास पथ की एक कहानी बनाते हैं। दोनों क्षेत्र विकास में योगदान करते हैं लेकिन काम के मानकों पर भी सवाल उठाते हैं और निजी क्षेत्र की सेवा शर्तों के बारे में भारतीयों के पारंपरिक संदेह को मजबूती देने का काम करते हैं। भारत के 2017 के आर्थिक सर्वेक्षण में कम प्रति व्यक्ति जीडीपी वाले अन्य देशों की तुलना में भी भारत को स्पष्ट



रूप से 'बाजार विरोधी मान्यताओं' के रूप में उद्धृत किया गया है।

यह बाजार-विरोधी भावना निजी क्षेत्र के बारे में भरोसे को सीमित करती है तथा निजीकरण व उदारीकरण के एजेंडे के बारे में राजनीतिक सीमाएं निर्धारित करती है। क्रोनी कैपिटलिज़्म एवं कुछ पसंदीदा स्थानों के उदय ने ट्रस्ट कैपिटल पर और बोझ डाला है जिसने शेयरधारकों के लिए तो अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन बड़े पैमाने पर लोगों तथा समाज के लिए अच्छा करने के बारे में निजी क्षेत्र की क्षमता में लोगों का विश्वास कम हो गया है। जब कंपनियां देखती हैं कि वे श्रम कानूनों के उल्लंघन से बच सकती हैं या श्रमिकों की गरिमा को कम कर सकती हैं अथवा अपने कार्यबल के संबंध में हालात बदतर कर सकती हैं तो इस तरह के उल्लंघन और अधिक होंगे। इसका एकमात्र तोड़ यह है कि इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को सख्ती से रोका जाए, उन व्यवसायों पर कड़ा आर्थिक दंड लगाया जाए और यह संदेश दिया जाए कि उल्लंघनों पर दृढ़ और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। यह सबसे अधिक बाजार समर्थक सुधार हो सकता है जिसकी भारत को आवश्यकता है। इस तरह के कदम उठाने से नागरिकों को यह देख और समझ सकेंगे कि यद्यपि अपने संसाधनों के कारण निजी क्षेत्र शक्तिशाली है इसके बावजूद उसे सामान्य श्रमिकों के समान कानून के मानकों पर रखा जाता है। यदि किसी बर्खास्तगी को इस्तीफे के रूप में छिपाया जाता है तो यह देश के कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। आईटी छंटनी के मामले में ऐसे आरोप लगाये जा रहे हैं। गुजरात में एक विनिर्माण इकाई के मामले में आरोप लगाया गया कि उसने दलालों के माध्यम से लोगों को दूरदराज के क्षेत्रों से लाया और उनसे बंधुआ मजदूरों के रूप में काम कराया। तब काम पर रखने वालों पर आजीवन प्रतिबंधित कर जेल भेज दिया जाना चाहिए। आज की गिरावट फिसलन भरी ढलान से आई है जहां उदारीकरण के नाम पर श्रम अधिकारों को थोड़ा-थोड़ा कर-के नष्ट कर दिया गया है। श्रमिकों का अनुबंधीकरण एक नए स्तर पर पहुंच गया है। इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकानॉमिक रिलेशंस के एक पेपर में कहा गया है: 'ऐसा प्रतीत होता है कि कंपनियां अपनी सौदेबाजी की शक्ति और मजदूरी की मांग को नियंत्रण में रखने के लिए सीधे काम पर रखे गए श्रमिकों के खिलाफ अपने रणनीतिक लाभ के लिए ठेका श्रमिकों का उपयोग कर रही हैं।' उदाहरण के लिए आईटी सेवा क्षेत्र में सॉफ्टवेयर इंजीनियर सामान्य रूप से दिन में आठ घंटे से अधिक काम करते हैं जबकि उन्हें केवल आठ घंटे के लिए भुगतान किया जाता है। यह कार्य क्रूर और अवैध है लेकिन इसे सामान्य मान लिया गया है। जिस तरह आवश्यकता से कम काम करने का समय दर्ज किया जाता है और हिसाब किया जाता है उसी तरह सामान्य से अधिक समय काम करने की स्थिति में उसे रिकॉर्ड करने और उसके अनुसार भुगतान करने की आवश्यकता होती है लेकिन नैतिकता के इस सरल बिंदु को उन कंपनियों द्वारा नजरंदाज कर दिया गया है जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोटिंग मानकों (आईएफआरएस) के अनुपालन में अपने अकाउंट्स की जानकारी देते हैं और वैश्विक स्तर पर पूंजी जुटाने की कोशिश करती हैं। इसका उद्देश्य यह तर्क देना नहीं है कि कंपनियां श्रमिकों की छंटनी नहीं कर सकतीं या उन्हें फिर से प्रशिक्षित अथवा फिर से असाइन नहीं कर सकती हैं। परेशानी लोगों को हटाने में नहीं है- यह मुद्दा कार्य संस्कृ ति से जुड़ा है जिसने भारत में सीईओ की भूमिका में एक कमांडर-इन-चीफ के दृष्टिकोण को जन्म दिया है। यह कठोर पदानुक्रम एक ऐसे समय में है जब श्रमिक संघों ने उनके प्रभाव को छीन लिया है।

प्रबंधन, शॉप फ्लोर की समस्याओं को अनदेखा कर काम करता है। यह काम पर सिस्टम के प्रभाव का जबरदस्त उदाहरण है- एक बदलाव जो बेहतर माना जाता था उसने मामले को बदतर बना दिया है। यूनियनों को विकास और जीवंतता के लिए बाधाओं के रूप में देखा गया। विनियमन को व्यवसाय को सीमित करने के रूप में देखा जाता है लेकिन सक्रिय और जीवंत यूनियनों के बिना तथा व्यवसाय विकसित करने के लिए सहयोग करने वाले अधिकारी वर्ग के साथ ही व्यवसाय जीवंत और सुरक्षित हो सकता है।

# बिजली के लिए बेशर्मी : एक रुपये एकड़ में अडानी को जमीन

**ट्टु कुमार कृष्णन**

'**पीरपैंती** अडानी पावर प्रोजेक्ट' के मुआवजे में तीन तरह की अनियमितताएं हैं- एक, एक ही मौजा, खाता, खसरा की जमीन के लिए अलग-अलग दर पर मुआवजा दिया गया है। दूसरे, जिन किसानों ने जमीन खरीदी थी, लेकिन कागज नहीं बना पाए थे, उन्हें मुआवजा नहीं मिल रहा। मामला कोर्ट में लंबित है और तीसरे, कई लोगों को कोई भी मुआवजा नहीं मिला है। भागलपुर जिले के पीरपैंती क्षेत्र की 1,050 एकड़ भूमि को 'अडानी पावर' को 33 वर्षों के लिए मात्र एक रुपये प्रति एकड़ वार्षिक किराए पर देने का निर्णय बिहार में एक बड़ा राजनीतिक सवाल बन चुका है। कांग्रेस के साथ-साथ 'महागठबंधन' की सहयोगी पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। कांग्रेस ने इस सवाल पर पटना में मार्च तक किया। गत 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीरपैंती में 2400 मेगावाट क्षमता वाली 'अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल-पावर परियोजना' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिलान्यास किया था। पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि लगभग 29,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे पूर्वी भारत की सबसे बड़ी कोयला आधारित बिजली परियोजना होगी।

इसी तरह चालीस साल पहले 23 मई 1984 को 'कहलगांव एनटीपीसी' की बुनियाद भी रखी गई थी। शुरूआत में स्थानीय लोगों ने विकास, रोजगार और बेहतर जीवन-स्तर का सपना देखा था, लेकिन आज यह सपना धुंधला हो गया है। प्रदूषण, रोजगार की कमी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों की उम्मीदें तोड़ दी हैं। अब हालात इतने खराब हैं कि लोग गांव छोड़ने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट से निकलने वाली राख की आंधी ने उनका जीना दुश्वार कर दिया है। घरों, फसलों और पानी पर राख जम जाती है, जिससे लोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस परियोजना में जमीन गंवाने वाले बहुत कम लोगों को रोजगार मिला है। पड़ोस में झारखंड के गोड्डा की भी ऐसी ही स्थिति है- वहां कोयला ऑस्ट्रेलिया से आता है और बिजली बांग्लादेश को जाती है। 'पीरपैंती अडाणी पावर प्रोजेक्ट' का विरोध इन्हीं अनुभवों के कारण हो रहा है। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य का कहना है कि पीरपैंती में सरकार ने 'एनटीपीसी' के नाम पर किसानों से बेशकीमती जमीनें लीं और कहा कि यहां विकास होगा, लोगों को




रोजगार मिलेगा, लेकिन अदाणी को जमीन दे दी, जो गलत है। अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा सही ढंग से नहीं दिया गया है और भुगतान में भी विसंगति है। जमीन पर तकरीबन 10 लाख आम और अन्य फलों के पेड़ हैं, लेकिन उन पेड़ों का भी कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। कमालपुर के मुखिया दीपक सिंह ने पुनर्वास की मांग की तो उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य कई लोगों को नजरबंद कर दिया गया। इस इलाके में 'एनटीपीसी' के नाम पर 2010 में 7 पंचायतों में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अचानक 15 वर्षों बाद यह जमीन अडाणी को दे दी गई। किसानों का कहना है कि जमीन उन्होंने बिहार सरकार को दी थी, अडाणी को नहीं। किसानों ने जिला प्रशासन से अपील की थी कि उपजाऊ जमीन की बजाय बगल की एकफसला जमीन का अधिग्रहण किया जाए, ताकि नुकसान कम हो। वे बाद में उच्च न्यायालय भी गए, लेकिन कोर्ट ने इस मामले में अजीब फैसला देते हुए कहा कि सरकार किसानों से पूछकर जमीन खरीदेगी क्या? नागरिक समाज के कई प्रतिनिधि बताते हैं कि पावर प्लांट का सब्जबाग दिखाकर सच्चाई छुपाई जा रही है। लोगों को पहले से रोजगार मिल रहा है- आम के बगीचे लाखों परिवारों को आजीविका प्रदान करते हैं। जिनके पास जमीन है और जिनके पास नहीं है- दोनों को यहां रोजगार मिलता है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों को जमीन, रोजगार और आजीविका से बेदखल करके अडानी को लाभ पहुंचाना मोदी व नीतीश सरकार की साजिश है। 'पीरपैंती अडानी पावर प्रोजेक्ट' के मुआवजे में तीन तरह की अनियमितताएं हैं- एक, एक ही मौजा, खाता, खसरा की जमीन के लिए अलग-अलग दर पर मुआवजा दिया गया है। दूसरे, जिन किसानों ने जमीन खरीदी थी, लेकिन कागज नहीं बना पाए थे, उन्हें मुआवजा नहीं मिल रहा। मामला कोर्ट में लंबित है और तीसरे, कई लोगों को कोई भी मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजे में ताकतवार लोगों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई है। कमालपुर टोले में विस्थापित होने वाले परिवारों का आरोप है कि इतने कम मुआवजे में वे कहां जमीन खरीदेंगे? सरकार उन्हें मकान बनाकर जमीन के बदले जमीन दे। यहां तकरीबन 64 घर विस्थापित होंगे, उन्हें लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं। 'जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय' (एनएपीएम) ने अवैधानिक और अपारदर्शी फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि किसानों के अधिकारों, जनहित और पर्यावरणीय संतुलन को कॉरपोरेट मुनाफे के लिए अनदेखा किया जा रहा है। यह खुलेआम 'क्रोनी कैपिटलिज्म' का उदाहरण है जो शासन में जनता के अविश्वास को और गहराता है। संगठन ने मांग की है कि 'पीरपैंती थर्मल पावर प्रोजेक्ट' को तुरंत रद्द किया जाए और प्रभावित किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि वापस दी जाए, साथ ही अब तक हुए नुकसान की पूरी भरपाई और पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। इस परियोजना की लगभग 1,050 एकड़ भूमि 915 किसानों की है, जिसमें से कई हिस्से उपजाऊ हैं और आम, लीची और अन्य फसलों की खेती में इस्तेमाल होते हैं। इस भूमि को 'बंजर' घोषित करके अधिग्रहण किया गया है। कई किसानों को दस साल पहले तय की गई पुरानी दरों पर भुगतान किया गया है। एक बार का मुआवजा जीवनभर की आजीविका और भूमि से जुड़े सांस्कृतिक-सामाजिक संबंधों की भरपाई नहीं कर सकता। यह उस संरचनात्मक असमानता को दिखाता है, जिसमें किसानों को पूंजीवाद के लाभोन्मुख 'विकास' में बलि का बकरा माना जाता है। भागलपुर भारत और दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से है। जनवरी 2024 में इसे भारत का दूसरा और विश्व का 31वां सबसे प्रदूषित शहर दर्ज किया गया। पहले से ही प्रदूषित इस क्षेत्र में कोयले का बढ़ता उपयोग वायु और जल गुणवत्ता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा, श्वसन संबंधी रोगों को बढ़ाएगा और लाखों लोगों, विशेष रूप से सबसे संवेदनशील वर्ग के जीवन को प्रभावित करेगा। इस आपदा में और वृद्धि होगी, क्योंकि 10 लाख पेड़ों की कटाई की योजना है, जिसका गंगा-बेसिन के पारिस्थितिकी तंत्र पर अपरिवर्तनीय प्रभाव पड़ेगा। ऐसी परियोजनाएं सीधे नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डालती हैं और उन 'नदी संरक्षण मिशनों' की भावना का उल्लंघन करती हैं, जिनकी पैरवी सरकार करती है। 'पीरपैंती परियोजना' भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के विपरीत है, जो 'पेरिस समझौते,' उसके राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान और 2070 तक 'नेट जीरो' लक्ष्य के तहत की गई हैं। भारत सरकार और बिहार सरकार दोनों ने नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने की बात कही है, फिर भी उनके कार्य एक विरोधाभासी और खतरनाक रास्ता दिखाते हैं, जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को और गहरा करता है। वैश्विक स्तर पर संदेश स्पष्ट है- नई कोयला बिजली परियोजनाएं उन जलवायु लक्ष्यों के साथ असंगत हैं, जिनसे हम विनाशकारी तापमान वृद्धि से बच सकते हैं। भारत घरेलू स्तर पर अपने कोयला ढांचे का विस्तार करते हुए वैश्विक जलवायु नेतृत्व का दावा नहीं कर सकता। जरूरी है कि पर्यावरणीय विनाश का राजनीतिक उपकरण के रूप में उपयोग बंद किया जाए।

## जनपद में पीसीएस (प्रा0) परीक्षा-2025 शुचितापूर्ण,नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही** ।उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन रक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 जनपद के सभी 08 परीक्षा केंद्रो पर शुचितापूर्ण,नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न हुई।

पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर.पी सिंह, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत



विभिन्न परीक्षा केन्द्रों यथा- काशीराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज औराई, वीएन राजकीय इण्टर कालेज ज्ञानपुर आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपर्युक्त द्वारा लगाए गए सी0सी0टी0वी0 कैमरो को देखा गया, सभी चालू हालत में पाए गए। कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 3552 में से प्रथम पाली में 1661 द्वितीय पाली में 1649 उपस्थित तथा कुल 46.76 प्रतिशत उपस्थिति रही। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ,प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज आलोक कुमार,अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## ऊंज ने जीती सीतामढ़ी वॉलीबॉल टेस्ट लीग की ट्रॉफी

**अखंड भारत संदेश सीतामढ़ी (भदोही)**। जिला वॉलीबॉल संघ (डीवीए) भदोही के तत्वावधान में सत्र 2025-26 की प्रथम सीतामढ़ी वॉलीबॉल टेस्ट लीग प्रतियोगिता बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मां जानकी क्लब के सौजन्य से लवकुश इंटरमीडिएट कॉलेज, सीतामढ़ी के मैदान पर संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ लवकुश इंटर कॉलेज सीतामढ़ी के प्रबंधक द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच मिनी स्टेडियम चकमनधाता और इटहरा टीमों के बीच खेला गया, जिसमें इटहरा ने 26 और 24 अंकों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता की



विजयी शुरूआत की। इस रोमांचक लीग प्रतियोगिता में कुल 13 टीमों ने भाग लिया, जिनमें ऊंज, अभोली, सीतामढ़ी, ज्ञानपुर, इटहरा सहित विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल मुकाबलों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले सेमीफाइनल में एनवाईएस ऊंज ने अभोली को 25-21 और 25-20 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में सीतामढ़ी ने ज्ञानपुर को 15-12 और 15-11 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया।

## अधिकारियों ने पीसीएस/एसीएफ/आरएफओ परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, नकलविहीन व सुचारू परीक्षा कराने के दिए निर्देश

**ब्यूरो रिपोर्ट प्रदीप कुमार पाण्डेय।**

**गाजीपुर। जिलाधिकारी** एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पी0सी0एस0/ए0सी0एफ0/आर0एफ0ओ0(प्रा0)परीक्षा-2025 को सकुशल एवं शुचिता पूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण/निरीक्षण कर, नकल विहीन परीक्षा कराने हेतु ड्यूटी में तैनात अधि0/कर्म0गण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पी0सी0एस0/ए0सी0एफ0/आर0एफ0ओ0(प्रा0)परीक्षा-2025 को नकल विहीन, पारदर्शी व



सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर मय फोर्स द्वारा आज दिनांक 12.10.2025 को जनपद गाजीपुर के परीक्षा केन्द्रों- आदर्श इण्टर कालेज, बालिका इंटर कॉलेज गाजीपुर व अन्य परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया ।

परीक्षा केन्द्रो पर लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरो की निगरानी का निरीक्षण किया गया । परीक्षा को निर्विघ्न, सकुशल एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी मे तैनात अधि0/कर्म0गण को आश्यक दिशा निर्देश दिये गये । यातायात व्यवस्था सुचारू ढंग से संचालित होने के लिए यातायात प्रभारी गाजीपुर को निर्देशित किया गया, जिससे किसी भी अभ्यर्थी को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना न पड़े ।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों में फूंकी मुस्तैदी की आग, नकल पर कसा शिकंजा

**चित्रकूट।** राज्य अधीनस्थ सेवा व सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी परीक्षा 2025 की प्रथम पाली के दौरान रविवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण कर परीक्षा की पारदर्शिता पर पैनी नजर डाली। दोनों अधिकारियों ने चित्रकूट इंटर कॉलेज, तुलसी पीजी कॉलेज कर्वी और पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर के परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर लापरवाही या नकल बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम-एसपी ने सीसीटीवी फुटेज देख सुरक्षा व्यवस्था की जांच की और ड्यूटी में शत-प्रतिशत सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



सीआईसी कर्वी में जांच करते डीएम- एसपी




जागरूकता सत्र में मौजूद संस्था के कार्यकर्ता

# माँ के मन की सुनो- ममता संस्था ने तोड़ी चुप्पी सिखाया मातृत्व का असली विज्ञान

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा संचालित प्रोजेक्ट जागृति के तहत एक अनोखा कार्यक्रम सर्व जन स्वास्थ्य मन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें परसौर्जा, अमवा, रगौली और भभेट सहित शिवरामपुर व रामनगर ब्लॉकों की गर्भवती व धात्री महिलाओं को मातृ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक किया गया। मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षिका ममता शर्मा ने वीडियो और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से बताया कि प्रसवकालीन चिंता यानी गर्भावस्था या प्रसव के दौरान अत्यधिक चिंता, भय और बेचैनी, मातृत्व के आनंद और कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने महिलाओं को समझाया कि ऐसे समय में प्रारंभिक परामर्श, सामाजिक सहयोग और स्व-देखभाल रणनीतियाँ अत्यंत आवश्यक हैं। प्रसवकालीन मानसिक विकार न केवल माँ के मन को तोड़ते हैं, बल्कि शिशु के साथ भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक संतुलन को भी प्रभावित करते हैं। ममता संस्था का यह अभियान महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और सकारात्मक सोच का संचार कर रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने इसे माँ के मन की नई क्रांति बताते हुए कार्यक्रम की भरपूर सराहना की।

# ज्ञान, वैराग्य व त्याग से प्रभु की प्राप्ति- तरंग महाराज की अमृतवाणी से गूंजा टिकरा टोला

**मऊ (चित्रकूट)।** नगर पंचायत मऊ के टिकरा टोला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। राजनारायण द्विवेदी के आवास पर चल रही इस पावन कथा में व्यासपीठ से आचार्य तरंग महाराज ने जब भगवान श्रीकृष्ण, भक्त ध्रुव और प्रह्लाद की कथा का वर्णन किया, तो पूरा परिसर दिव्य ऊर्जा से गूंज उठा। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में मठ मछलीबंदर के महंत विमल देव महाराज पधारे, जिनका आयोजक मंडल ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। कथा व्यास तरंग महाराज ने कहा कि भक्ति ही वह सेतु है जो मनुष्य को प्रभु से जोड़ता है। ज्ञान, वैराग्य और त्याग- यही तीन दीपक हैं जो मोक्ष के मार्ग को आलोकित करते हैं। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष, जड़ भरत, और शिव-सती प्रसंग सुनाते हुए धर्म, श्रद्धा और प्रेम का गूढ़ संदेश दिया। प्रजापति दक्ष के यज्ञ प्रसंग में महाराज ने बताया कि अहंकार के अंत से ही भक्ति का आरंभ होता है। मुख्य यजमान राजनारायण द्विवेदी (पत्नी स्व कलावती देवी) के सान्निध्य में कथा का आयोजन हुआ, जिसमें दिनेश द्विवेदी, अवधेश द्विवेदी, बुद्धसेन गौतम, विष्णु देव त्रिपाठी, अरविंद जाटव, अभिनव द्विवेदी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति के इस महासागर में डूबा मऊ इन दिनों आध्यात्मिक आनंद से सराबोर है- मानो भगवान श्रीकृष्ण स्वयं टिकरा टोला में रास रचा रहे हों।



कथा के रसपान में लगे हुए श्रोतागण

# पीडीए की हुंकार- 2027 में यूपी से बीजेपी का सफाया तय, चित्रकूट में सपा का शंखनाद

- संविधान बचाओ, मनुवाद हटाओ
- पीड़ीए संवाद बना संग्राम सभा
- बीजेपी पर जमकर बरसे सपाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादियों का जोश और जनसमर्थन का मंजर रविवार को एक मैरिज भवन में देखने को मिला, जहां विधायक अनिल प्रधान के नेतृत्व में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पीड़ीए संवाद कार्यक्रम सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ एक प्रचंड हुंकार में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उदयवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ मानसिंह यादव और पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रवक्ता उदयवीर सिंह ने मंच से गरजते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के संविधान पर कुठाराघात कर रही है, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और पीडीए समाज को विकास की धारा से हटाने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण छीना जा रहा है, झूठे मुकदमों में सपा कार्यकर्ताओं को फंसाया जा रहा है, जबकि भ्रष्टाचार और अपराध को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है। डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है और बहुरूपियों से है- किसानों को खाद नहीं, युवाओं को रोजगार नहीं, शिक्षा-स्वास्थ्य ठप और भाजपा नफरत की राजनीति में मस्त है। पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने कहा कि धर्म के सहारे सत्ता में आई भाजपा, अब धर्म के सहारे ही टिके रहना चाहती है, लेकिन 2027 में पीडीए उसे उखाड़ फेंकेगा। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि समाजवादी कार्यकर्ता सजग और संगठित रहें- चित्रकूट से भाजपा का सफाया हो चुका है, अब 2027 में प्रदेश से भी सफाया होगा। सांसद ने भाजपा पर शिक्षा विरोधी राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां स्कूल बंद हो रहे हैं, वहीं शराबखाने खुल रहे हैं- ताकि पीडीए समाज सवाल करना ही भूल जाए। सभा में मौजूद हजारों कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में संविधान, समानता और सामाजिक न्याय की रक्षा का संकल्प लिया। चित्रकूट की यह गूंज अब आने वाले विधानसभा चुनाव तक सत्ता के गलियारों में सुनाई देगी।



पीडीए संवाद में मौजूद सपाई

# विज्ञान के मंच पर चमके चित्रकूट के नौनिहाल- नवाचारों से गूंजा जीजीआईसी कर्वी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में शनिवार को विज्ञान और सृजनशीलता का शानदार संगम देखने को मिला, जब विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षकों की टीएलएम प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, बांदा कोऑपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर व जिला समन्वयक विवेक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

महेंद्र कोटार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता की जननी है, निराशा नहीं, नवाचार जीवन का मंत्र होना चाहिए। विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक के रूप में राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ और मानिकपुर के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। सीनियर वर्ग में बरगढ़ इंटर कॉलेज प्रथम, जीजीआईसी कर्वी द्वितीय और सरस्वती विद्या मंदिर तृतीय रहा, जबकि जूनियर वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर बैजनाथ भारद्वाज प्रथम रहा। टीएलएम प्रतियोगिता में डायट प्रवक्ता शिवलाल यादव, शिव प्रसाद कुशवाहा एवं विश्वविद्यालय की रीमा पांडेय निर्णायक रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप नारायण शुक्ल ने किया तथा आभार जिला समन्वयक विवेक सिंह ने व्यक्त किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों की भारी उपस्थिति ने इस आयोजन को जिले में रचनात्मकता का पर्व बना दिया।



विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद छात्र-छत्राएं

# भगवान राम की तपोभूमि पर अवैध खनन का काला दाग? प्रशासन मौन, माफिया प्रबल?

**निरंजन पाण्डेय**

- माटी लहूलुहान, नदियाँ कराहतीं व शासन खामोश?
- जीरो टालरेंस बना कागजी सुविधा

**चित्रकूट।** भगवान राम की तपोभूमि- चित्रकूट- जहाँ कभी तप, त्याग और धर्म की गाथाएँ गूँजती थीं, आज वही धरती अवैध खनन के काले धंधे से दागदार हो चुकी है। नदियों की गोद से मिट्टी और बालू इस तरह खींची जा रही है जैसे किसी माँ से उसकी संतान। कहा जाता है कि यह धरती राम की थी, पर अब ग्रामीण यह कहने से गुरेज नही करते कि यह खनन माफिया की रियासत बन चुकी है। चित्रकूट में अब अवैध खनन कोई नई बात नहीं रह गई है- यह तो अब रोज का रिवाज बन चुका है। कभी आधी रात को भारी ट्रकों की गड़गड़ाहट सुनाई देती है, तो कभी सुबह-सुबह ट्रैक्टरों की कतारें नदियों की रेत चीरती दिखती हैं। शासन-प्रशासन के तमाम आदेश, रोक और निरीक्षण- सब जैसे सिर्फ कागजी तामझाम भर रह गए हैं। खनन माफिया अब स्मार्ट हो गए हैं। जानते हैं कि कब और कहाँ कार्रवाई होगी। इसलिए कभी भारी ट्रकों से लोडिंग करते हैं, तो कभी ट्रैक्टरों से छोटे स्तर पर शुरू करके बड़े स्तर की लूट में तब्दील कर देते हैं। शिकायतें तो मिलती रहती हैं- पर शिकायतों का हश्र वही पुराना है- कागजी खानापूर्ति। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुँचती है, कुछ फोटो खिंचवाती है, रिपोर्ट भेजती है, और फिर सब नॉर्मल हो जाता है। सवाल है -क्या यह खानापूर्ति प्रशासन का कर्तव्य है? या माफिया के प्रति औपचारिक इशारा कि हम आ गए हैं, अब तुम थोड़ा रुक जाओ। जिले की हर नस में घुला अवैध खनन का जहर न केवल पर्यावरण को निगल रहा है, बल्कि शासन की नीयत पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। इतने वर्षों में चित्रकूट प्रशासन ने न जाने कितनी बार नियमों, मानकों, और उच्चाधिकारियों के निदेशों की बात की। लेकिन सच्चाई है कि अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की घोषणाएँ अखबारों की सुर्खियों तक ही क्यों सीमित रहीं? धरातल पर न तो खनन माफिया पर कोई ठोस शिकंजा कसा गया, न ही उनकी संपत्तियों को जब्त किया गया? ऐसा क्यों? क्या शासन की मंशा सचमुच ईमानदार है? या कहीं ऊँचे गलियारों में कुछ अनकही सौदेबाजियाँ चल रही हैं? इस संबंध में खनिज अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई पर फोन नही उठा।

### जब बांदा में अवैध खनन माफिया मुस्कुराया जनता आज भी याद करती है

बांदा के पूर्व जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप, जिन्होंने कुछ ही महीनों में अवैध खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी। उन्होंने खनन पट्टों की जाँच के आदेश दिए, भारी जुमार्ने ठोके, और प्रशासनिक ईमानदारी की मिसाल पेश की। उनके कार्यकाल में ही बांदा को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिला- जो इस बात का प्रतीक था कि नदियों की रक्षा संभव है, यदि इच्छा सच्ची हो। लेकिन फिर क्या हुआ? महज 200 दिनों में उनका तबादला हो गया। प्रश्न लाजिमी है- क्या यह मात्र संयोग था? या फिर यह खनन माफिया की अदृश्य ताकत थी जिसने एक ईमानदार अधिकारी को जिले से हटवा दिया? उसी समय, जब बांदा में खनन माफिया पर शिकंजा कसा जा रहा था, चित्रकूट में यह काला कारोबार और भी निर्भीकता से क्यूं चलता रहा? ऐसा लगता है कि जहाँ सख्ती दिखाई जाती है, वहाँ अधिकारी बदल दिए जाते हैं और जहाँ खामोशी रखी जाती है, वहाँ माफिया की मौज रहती है?

# 103 ग्रामों से उठी जनचेतना की लहर- डीआरआई की समाज को रोगमुक्त करने की ऐतिहासिक पहल

- नशामुक्त, निरोगी और सशक्त भारत की ओर
- कचरे नहीं, कर्तव्य की मशाल जलाओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट ने एक बार फिर समाज को स्वास्थ्य और संस्कार की नई दिशा दी है। संस्थान और मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण का रविवार को लोहिया सभागार में उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में 66 ग्राम पंचायतों के 103 स्वास्थ्य कार्यकताओं ने भाग लिया और स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ ली। समापन सत्र में कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। अभय महाजन ने कहा कि मानव ईश्वर की सर्वोत्तम कृति है, यदि वह स्वच्छता, योग और प्राकृतिक औषधियों को अपनाए तो रोग पास नहीं फटक सकता। प्रो. पाण्डेय ने आयुर्वेद की महिमा बताते हुए कहा कि यह सिर्फ रोगों का इलाज नहीं, बल्कि उनके मूल कारणों को मिटाने की जीवनशैली है। डॉ भारती श्रीवास्तव ने गर्भवती माताओं के लिए संतुलित आहार को आवश्यक बताया, जबकि डॉ रुपाली श्रीवास्तव ने नशा मुक्त समाज को स्वस्थ दंत व मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ा। वैद्य राजेन्द्र पटेल ने बाल कुपोषण के उपचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। आरोग्यधाम के प्रभारी डॉ राजीव शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य का पहला मंत्र है- खुद को बीमार न पड़ने देना। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने गांवों में स्वस्थ भारत अभियान के अग्रदूत बनेंगे।



दो दिवसीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण के समापन में मौजूद अतिथिगण

# रामराज्य की धरती पर अफसरराज का तांडव ? पंचायत सहायकों की करुण पुकार पर सन्नाटा

**चित्रकूट।** यह वही धरती है जहाँ भगवान राम ने न्याय, मयार्दा और सेवा की नींव रखी थी, पर आज यही धरती प्रशासनिक तानाशाही की प्रयोगशाला बन गई है। यहाँ के पंचायत सहायक न्याय की आस में दर-दर भटक रहे हैं और लोकतंत्र का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। सवाल है- कहाँ है प्रशासन? कहाँ हैं लोकतंत्र के पहरेदार? और कहाँ हैं जीरो टॉलरेंस के मसीहा, जिनकी नीतियाँ सिर्फ भाषणों और फाइलों तक सीमित हैं? पंचायत सहायक हिमांशु मिश्रा का मामला सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हजारों की पीड़ा की आवाज है। छह हजार की मामूली तनख्वाह पर काम करने वाले इन कर्मियों को आज अपमान, अत्याचार और अफसरशाही की लातों से गुजरना पड़ रहा है। हिमांशु मिश्रा ने साहस के साथ जो खुलासा किया, वह प्रशासन की सच्चाई का आइना है। उसका कहना है कि फसल सर्वे के दौरान एसडीएम साहब ने न केवल उसे भद्दी गालियाँ दीं बल्कि सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर मारपीट भी की। अब सवाल गंभीर है कि आखिर छह हजार रुपये वेतन पाने वाला एक गरीब कर्मचारी क्या इंसान नहीं है? क्या लोकतंत्र में उसकी इज्जत की कोई कीमत नहीं? यह घटना केवल एक अफसर और एक सहायक के बीच का विवाद नहीं, बल्कि पूरे शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता का चेहरा है। आखिर पंचायत सहायकों के मामलों में अब तक कोई सुनवाई क्यों नहीं हुई? क्या लोकतंत्र में गरीब, कमजोर और मामूली वेतन पाने वाले लोगों के लिए कोई जगह नहीं बची? या फिर अफसरशाही का राज इतना बेलगाम हो गया है कि अब आम आदमी की आवाज सिर्फ हवा में गुम होकर रह जाती है? चित्रकूट जैसे पावन स्थल पर जब रामराज की जगह अफसरराज स्थापित हो जाए, तो फिर जनता कहाँ जाए, न्याय किससे मांगे? अब यह सवाल सिर्फ हिमांशु मिश्रा का नहीं, बल्कि उस हर छोटे कर्मचारी का है जो व्यवस्था की मार झेलते हुए भी अपने फर्ज से पीछे नहीं हटता।



घटना को बताता पीड़ित पंचायत सहायक

### मामला सुलझा, नई नियुक्ति - एसडीएम

इस संबंध में एसडीएम मऊ ने बताया कि मेरा किसी से कोई जातीय मामला नहीं है, न किसी भी काम करने वाले से कोई बुराई है। काम न करना पड़े इसके लिए मेरे ऊपर आरोप लगाकर बचना चाह रहा था। फिलहाल सारा मामला खत्म हो चुका है। हमने उसकी जगह दूसरे को लगा दिया है।

## 15 पाक सैनिक मारे गए

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर खूनी संघर्ष

# तालिबान का 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा

# पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई से इनकार किया

**पाकिस्तान**

**अफगानिस्तान** में पाकिस्तानी हवाई हमलों के जवाब में तालिबान बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में 15 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। यह घटना हेलमंद प्रांत में डूरंड रेखा के पास हुई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव काफी बढ़ गया है।

तालिबान की जवाबी कार्रवाई

हेलमंद प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मौलवी मोहम्मद कासिम रियाज ने पुष्टि की कि गुरुवार रात बहरामपुर जिले में डूरंड रेखा के पास अफगान बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में 15 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के दौरान अफगान बलों ने तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया और भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद जब्त किया।

काबुल और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हवाई हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए, अफगान बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित कई प्रांतों, हेलमंद, कंधार, जाबुल, पक्तिका, पक्तिया, खोस्त, नंगरहार और कुनार में पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

हवाई हमले और संप्रभुता का उल्लंघन

गुरुवार को अफगानिस्तान के काबुल और दक्षिण-पूर्वी पक्तिका में तीन विस्फोट हुए। तालिबान संचालित रक्षा मंत्रालय ने इन हमलों के लिए इस्लामाबाद पर अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अफगान सेना ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तानी सेना द्वारा काबुल पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में, तालिबान बल सीमा पर विभिन्न क्षेत्रों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ भीषण संघर्ष कर रहे हैं।'

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायत खोवाराज्म ने बताया कि 'सफल' जवाबी अभियान आधी रात को समाप्त हो गया और चेतावनी दी, 'अगर विरोधी पक्ष फिर से अफगानिस्तान की सीमा का उल्लंघन करता है, तो हमारे सशस्त्र बल उनके क्षेत्र की रक्षा के लिए तैयार हैं और दृढ़ता से जवाब देंगे।'



हालांकि इस्लामाबाद ने गुरुवार के हमलों के पीछे अपना हाथ होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की, लेकिन उसने काबुल से अपनी मांग दोहराई कि वह 'अपनी धरती पर पाकिस्तानी तालिबान को पनाह देना बंद करे।'

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर विवाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का मुख्य कारण तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान

**अफगानिस्तान**

**अफगानिस्तान** में पाकिस्तानी हवाई हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई में 58 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने के तालिबान के दावे से पाकिस्तान और अफगानिस्तान सीमा पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। तालिबान ने पाकिस्तान पर आईएसआईएस (क्ख्र) आतंकवादियों को पनाह देने का भी आरोप लगाया है।

तालिबान ने पाकिस्तान पर लगाया आरोप

तालिबान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने रविवार को एक बयान में दावा किया कि बहरामपुर जिले में डूरंड रेखा के पास जवाबी हमलों में कम से कम 58 पाकिस्तानी सैनिक



मारे गए और 30 से ज्यादा घायल हुए। उन्होंने पाकिस्तान को किसी भी 'हमले का जवाब दिए बिना न छोड़ने' की चेतावनी दी। मुजाहिद ने पाकिस्तान पर सीधा और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'पाकिस्तान ने अपनी धरती पर आईएसआईएस की मौजूदगी पर आंखें मूंद ली हैं। पाकिस्तान को अपनी धरती से छिपे हुए आईएसआईएस के महत्वपूर्ण सदस्यों को बाहर निकालना चाहिए या उन्हें इस्लामिक अमीरात को सौंप देना चाहिए।'

उन्होंने दावा किया कि तालिबान ने अपने क्षेत्र से अशांति फैलाने वालों को हटा दिया है, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान के पश्तूनख्वा में नए केंद्र स्थापित कर लिए हैं।

मुजाहिद ने दस्तावेजी सबूत होने का दावा करते हुए कहा कि कराची और इस्लामाबाद हवाई अड्डों के जरिए रंगरूटों को प्रशिक्षण के लिए लाया जाता था और अफगानिस्तान में हमलों की योजना इन्हीं केंद्रों से बनाई जा रही है।

तालिबान के जवाबी हमलों का बचाव किया

मुजाहिद ने स्वीकार किया कि इन झड़पों में इस्लामिक अमीरात बलों के भी 20 से ज्यादा सदस्य मारे गए या घायल हुए। जवाबी हमलों का बचाव करते हुए उन्होंने दोहराया, 'अफगानिस्तान को अपनी हवाई और जमीनी सीमाओं की रक्षा करने का अधिकार है और वह किसी भी हमले का जवाब दिए बिना नहीं रहेगा।' मुजाहिद ने कहा कि कतर और सऊदी अरब के अनुरोध पर अंततः हवाई हमले रोक दिए गए थे।

पाकिस्तानी के प्रधानमंत्री का बयान

दूसरी ओर, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान के भीतर हुए हवाई हमलों की निंदा की। हालांकि, उन्होंने तालिबान के हमलों के दावे को नकारते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना ने न केवल अफगानिस्तान के उकसावे का करारा जवाब दिया, बल्कि उनकी कई चौकियां भी नष्ट कर दीं, जिससे उन्हें पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

शरीफ ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अपनी रक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करेगा और हर उकसावे का कड़ा और प्रभावी जवाब दिया जाएगा।

तनाव के कारण

तनाव की शुरूआत गुरुवार को हुई जब अफगानिस्तान में काबुल और पक्तिका में तीन विस्फोट हुए। तालिबान ने इस्लामाबाद पर अपनी संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके जवाब में, अफगान सेना ने पाकिस्तान पर पलटवार करते हुए सीमा पर स्थित कई प्रांतों, हेलमंद, कंधार, जाबुल, पक्तिका, पक्तिया, खोस्त, नंगरहार और कुनार, में पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाया।

## ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा चीन

**चीन**

**चीन** ने रविवार को संकेत दिया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 100 प्रतिशत शुल्क की धमकी के बावजूद पीछे नहीं हटेगा। उसने अमेरिका से आग्रह किया कि वह धमकियों के बजाय बातचीत के जरिये मतभेदों को सुलझाए।

वाणिज्य मंत्रालय ने ऑनलाइन जारी एक बयान में कहा, चीन का रुख स्पष्ट है। हम शुल्क युद्ध नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं हैं। यह प्रतिक्रिया ट्रंप द्वारा एक नवंबर तक चीन से आयात पर कर बढ़ाने की धमकी के दो दिन बाद आई है। यह



धमकी कई उपभोक्ता और सैन्य उत्पादों के लिए एक प्रमुख घटक, दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों के जवाब में दी गई थी।

इस घटनाक्रम से ट्रंप और चीन के नेता शी चिनफिंग के बीच संभावित बैठक पटरी से उतरने और शुल्क युद्ध को लेकर बनी सहमति को लेकर संकट पैदा हो गया है। अप्रैल में दोनों पक्षों की ओर से नए शुल्क कुछ समय के लिए 100 प्रतिशत से ऊपर चले गए थे।

ट्रंप ने इस साल कई अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर कर बढ़ा दिया है, ताकि शुल्क में कटौती के बदले में रियायतें हासिल की जा सकें। चीन उन गिने-चुने देशों में से एक है जो अपनी आर्थिक ताकत के दम पर पीछे नहीं हटा है।

वाणिज्य मंत्रालय ने अपने ऑनलाइन पोस्ट में कहा, ह्यह्यबार-बार ऊंचा शुल्क लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है ह्लह्ल यह पोस्ट एक अनाम प्रवक्ता द्वारा अनिर्दिष्ट मीडिया कंपनियों के सवालों के जवाबों की एक श्रृंखला के रूप में किया गया है।

बयान में बातचीत के जरिये किसी भी चिंता का समाधान करने का आह्वान किया गया। पोस्ट में कहा गया, ह्यह्यअगर अमेरिकी पक्ष हठपूर्वक अपनी नीति पर अड़ा रहता है, तो चीन अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए दृढ़ता से कदम उठाएगा।

## अमेरिका के टेनेसी में विस्फोटक सामग्री के संयंत्र में हुए धमाके में 16 लोगों की मौत: शेरिफ

**अमेरिका**

**अमेरिका** में टेनेसी के एक ग्रामीण क्षेत्र में विस्फोटक सामग्री के एक संयंत्र में विस्फोट होने से 16 लोगों की मौत हो गई और कोई जीवित नहीं बचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हम्फ्रेज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि सेना के लिए विस्फोटकों की आपूर्ति करने वाली कंपनी ह्यएक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्सह्ल के संयंत्र में शुक्रवार सुबह विस्फोट हुआ जिससे कम से कम आधा मील (800 मीटर) क्षेत्र में मलबा बिखर गया



और 15 मील (24 किलोमीटर) से अधिक दूर तक के निवासियों ने भी इसे महसूस किया। विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। डेविस ने बताया कि 16 लोग लापता हैं और बचाव अभियान के दौरान कोई जीवित नहीं मिला। घटनास्थल की फुटेज में शुक्रवार को पहाड़ी पर स्थित इस फैक्टरी के ऊपर धुंआ ही धुंआ नजर आया। वहां केवल नष्ट हुई धातु का ढेर, कारों के जले हुए खोल और मलबा है। डेविस ने इसे अब तक देखे गए सबसे बुरे दृश्यों में से एक बताया।

उन्होंने कहा कि अधिकारी घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, वह नैशविले से लगभग 60 मील (97 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में बक्सनॉर्ट क्षेत्र में जंगली पहाड़ियों पर फैली आठ इमारतों वाले कारखाने में विस्फोटक और गोला-बारूद का प्रसंस्करण करती है।

## मेक्सिको में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम 41 लोगों की मौत



**मेक्सिको**

**मेक्सिको** में लगातार बारिश से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण 41 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेराक्रूज राज्य में छह से नौ अक्टूबर तक लगभग 540 मिलीमीटर (21 इंच से अधिक) बारिश हुई।

मेक्सिको सिटी से 170 मील (275 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में स्थित तेल नगरी पोजा रिका में बाढ़ से पहले कोई खास चेतावनी जारी नहीं की गई थी।

मेक्सिको के राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय ने बताया कि मेक्सिको सिटी के उत्तर में स्थित हिडाल्गो राज्य में शनिवार तक भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई और 150 समुदायों को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा।

मेक्सिको सिटी के पूर्व में स्थित पुएब्ला राज्य में कम से कम नौ लोग मारे गए और 16,000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। वेराक्रूज राज्य में 15 लोगों की मौत हुई है जहां थल सेना एवं नौसेना भूस्खलन और बाढ़ के कारण अलग-थलग पड़े 42 समुदायों के निवासियों को बचाने में मदद कर रही हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## मिस्र के शर्म अल-शेख में रिसॉर्ट जाते समय कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

**मिस्र**

**मिस्र** के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किलोमीटर (31 मील) दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कतर की



प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम समझौता होने का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन से पहले शहर जा रहे थे।

कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी इस महीने की शुरूआत में शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, शर्म अल-शेख शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा और इसकी सह-अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी एवं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे।

## पुलिस-इस्लामी समूह झड़प में 11 की मौत, तनाव गहराया

**लाहौर**

**लाहौर** में शनिवार को पुलिस और इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के बीच हिंसक झड़पें जारी रहीं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को राजधानी की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की, जहाँ वे फि लिस्तीन समर्थक रैली निकालने वाले थे। पंजाब पुलिस को "इजराइली गुंडे" बताते हुए, तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें उसके 11 सदस्य मारे गए और 50 से ज्यादा घायल हो गए। सुबह से अब तक टीएलपी के 11 लोग मारे जा चुके हैं। लगातार गोलाबारी और गोलीबारी हो रही है।

इजराइल द्वारा गाजा में की गई हत्याओं के विरोध में गुरुवार को शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शनिवार को और तेज हो गया जब पुलिस ने कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें द डॉन की रिपोर्ट के अनुसार दर्जनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। लाहौर के आजादी चौक के पास झड़पें तेज हो गईं।

## अमेरिका: मिसिसिपी राज्य में गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत

**अमेरिका**

**अमेरिका** के मिसिसिपी राज्य में गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राज्य के सीनेटर ने शनिवार को बताया कि मिसिसिपी के पश्चिम में डेल्टा क्षेत्र के लेलैंड में एक हाई स्कूल में पूर्व छात्रों के लिए आयोजित फुटबॉल मैच के बाद हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई।

सीनेटर डेरिक सिमंस ने बताया कि मैच के बाद लेलैंड शहर में लोगों के इकट्ठा होने के बाद हुई गोलीबारी में लगभग 20 लोग घायल हो गए। सिमंस ने ह्यएसोसिएटेड प्रेसह्ल (एपी) को बताया कि 20 घायलों में से चार की हालत गंभीर है और उन्हें पास के ग्रीनविले के एक अस्पताल से राज्य की राजधानी जैक्सन के एक बड़े चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया है।

सिमंस ने कहा कि उन्हें वाशिंगटन काउंटी शेरिफ कार्यालय और डेल्टा के अन्य कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। सिमंस ने कहा, ह्यह्यलोग लेलैंड शहर में इकट्ठा होकर अच्छा समय बिता रहे थे।

उन्हें बताया गया कि गोलीबारी के बाद माहौल ह्यह्यकाफी अराजकह्लह्ल था और घटना के बाद मौके पर पुलिस, शेरिफ के डिप्टी और एंबुलेंस पहुंचे। उन्होंने कहा, ह्यह्ययह एक बेतुकी गोलीबारी की घटना है। यही महसूस होता है कि बंदूकों का प्रचलन बढ़ गया है ह्लह्ल

सिमंस ने बताया कि अब तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है और उन्होंने शनिवार सुबह कहा कि उन्हें संभावित संदिग्धों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ह्यह्यअधिकारी जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इसकी तह तक पहुंचेंगे।

वहीं, पूर्वी मिसिसिपी के हीडलबर्ग में गोलीबारी की एक अलग घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी शहर की पुलिस एक समारोह के आयोजन के दौरान हुई गोलीबारी की इस घटना की जांच कर रही है। हीडलबर्ग के पुलिस प्रमुख कॉर्नेल व्हाइट ने बताया कि दो लोगों की शुक्रवार रात स्कूल परिसर में हत्या कर दी गई।



उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि पीड़ित छात्र थे या नहीं और न ही अपराधों के बारे में कोई अन्य जानकारी दी।

व्हाइट ने शनिवार सुबह कहा, ह्यह्यअभी हम इस मामले पर विस्तृत जानकारी नहीं दे सकते। जैस्पर काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक बयान में कहा कि हीडलबर्ग गोलीबारी में पूछताछ के लिए 18 वर्षीय व्यक्ति की तलाश की जा रही है। शेरिफ ने कहा कि अगर किसी के पास कोई जानकारी है तो वह पुलिस प्रमुख या शेरिफ कार्यालय से संपर्क कर सकता है।